# सख्ती : 135 महाविद्यालयों पर लटकी कार्रवाई की तलवार

**दो माह बाद भी नहीं दी राजभवन से मांगी गई रिपोर्ट, अब होगी कार्रवाई**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से संबद्ध 135 महाविद्यालयों पर अब कार्रवाई की तलवार लटक रही है। इन महाविद्यालयों ने दो माह पूर्व मांगी गई शैक्षणिक और एकेडमिक विकास का विस्तृत ब्यौरा विश्वविद्यालय को अभी तक नहीं सौंपा है। राज्यपाल कार्यालय ने करीब दो महीने पहले इन महाविद्यालयों से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाएं मांगी थीं, लेकिन रिपोर्ट जमा नहीं होने से मामला गंभीर हो गया है।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने इन महाविद्यालयों की प्रबंध समितियों को चेतावनी पत्र जारी किए हैं। पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि निर्धारित समय के भीतर शैक्षणिक प्रगति, छात्र संख्या, शिक्षक उपलब्धता, बुनियादी ढांचे के विकास, परीक्षा परिणाम और अन्य एकेडमिक पैरामीटरों का पूरा विवरण उपलब्ध कराना अनिवार्य है। यह जानकारी राज्यपाल कार्यालय को भेजी जानी है, जो विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली की समीक्षा के लिए आवश्यक है। विश्वविद्यालय के अधिकारियों के अनुसार, ये महाविद्यालय उच्च शिक्षा के मानकों को पूरा करने में विफल साबित हो रहे हैं। कई महाविद्यालयों में शिक्षण कार्य, लाइब्रेरी सुविधाएं, प्रयोगशालाएं और छात्र कल्याण से जुड़े मामलों में कमी पाई गई है। राज्यपाल द्वारा मांगी गई रिपोर्ट न केवल गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए है, बल्कि संबद्धता नियमों का अनुपालन भी जांचा जा रहा है। प्रबंध समितियों को अंतिम मौका देते हुए विश्वविद्यालय ने एक सप्ताह की अतिरिक्त मोहलत दी है। इस अवधि में यदि रिपोर्ट जमा नहीं हुई तो इन महाविद्यालयों को 'दागी' (डिफॉल्टर) घोषित कर दिया जाएगा। दागी घोषित होने पर महाविद्यालयों की संबद्धता रद्द होने, नई प्रवेश प्रक्रिया पर रोक या अन्य कड़ी कार्रवाई हो सकती है। इससे हजारों छात्रों का भविष्य प्रभावित हो सकता है। विवि प्रशासन ने सभी संबद्ध महाविद्यालयों से अपील की है कि वे तुरंत आवश्यक दस्तावेज जमा करें और उच्च शिक्षा के मानकों को बनाए रखें।

> जिन कॉलेजों ने रिपोर्ट नहीं दी है, उनके प्रबंध तंत्र को चेतावनी के साथ पत्र भेज दिया गया है। यदि एक सप्ताह में रिपोर्ट नहीं आती तो अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। **-विनय कुमार सिंह, कुलसचिव, अवध विश्वविद्यालय।**

## अतिरिक्त पर्यवेक्षक करेंगे बोर्ड परीक्षा का सुपर सुपरविजन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं को नकल मुक्त एवं पारदर्शी बनाने के लिए प्रत्येक जिले में दो-दो अतिरिक्त पर्यवेक्षक (सुपरवाइजर) नामित करने का निर्णय लिया गया है। यह परीक्षा केंद्रों पर निगरानी रखेंगे, प्रश्नपत्र वितरण, उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षित प्राप्ति और नकल रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मंडल के सभी जिलों अयोध्या, अंबेडकरनगर, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी के जिलाधिकारियों से 10-10 योग्य अधिकारियों जैसे एसडीएम, तहसीलदार, बीएसए, ब्लॉक विकास अधिकारी आदि के नाम मांगे गए हैं। इनमें से प्रत्येक जिले के लिए दो नाम अंतिम रूप से चयनित किए जाएंगे। मंडलायुक्त स्वयं इस सूची को अंतिम रूप देंगे। यह व्यवस्था 08 फरवरी तक पूरी कर ली जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी नोडल की जिम्मेदारी निभायेंगे। मंडलीय कंट्रोल रूम जिला विद्यालय निरीक्षक अयोध्या की निगरानी में कार्य करेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने बताया कि सभी जिलों के डीआईओएस को सूचित किया गया है और जिला अधिकारियों को भी पत्र भेज दिया गया है।

# कारगिल क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला मैच रुदौली ने जीता

पटरंगा अयोध्या।


क्रिकेट टूर्नामेंट से पहले अब्बास अली जैदी उर्फ रुश्दी मियां।

**अमृत विचार :** क्षेत्र के चंद्रमऊ में दो दिवसीय कारगिल चैलेंज क्रिकेट टूर्नामेंट का उदघाटन गुरुवार को पूर्व विधायक और पूर्व राज्य मंत्री अब्बास अली जैदी उर्फ रुश्दी मियां ने किया। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे गांवों से निकलकर ही युवा देश-विदेश और प्रदेश के लिए खेलते हैं। श्रेया पटेल ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में और बेहतर व्यवस्थाएं की जाएंगी।

आयोजक सैफुद्दीन ने बताया कि यह दो दिवसीय प्रतियोगिता है। इसमें विजेता टीम को 31,000 रुपये और उपविजेता टीम को 11,000 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।पहला मैच चंद्रामऊ और रुदौली की टीम के बीच खेला गया। चंद्रामऊ की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते 62 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में उतरी रुदौली की टीम ने एक ओवर शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर मैच जीत लिया। इस प्रकार रुदौली की टीम पहले मैच की विजेता रही। ग्राम प्रधान बबलू खां, अरुण शर्मा, अर्जुन, इलियास, शिवम आदि मौजूद रहे।

# अभिलेख नहीं दे पा रहे 70 फीसदी मतदाता

अयोध्या कार्यालय

**एसआईआर सुनवाई**

- **अभिलेख उपलब्ध कराने के लिए दिया जा रहा मौका**

**अमृत विचार:** भारत निर्वाचन आयोग से शुरू किए गए विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) में नो मैपिंग मतदाताओं को नोटिस भेज सुनवाई की जा रही है, लेकिन लगभग 70 फीसदी मतदाता, मतदाता बने रहने के लिए अपने अभिलेख नहीं उपलब्ध करा पा रहे हैं। उनको मौका दिया जा रहा है। सुनवाई की कार्रवाई 27 फरवरी तक चलेगी।

अभियान में जिले में लगभग 1.29 लाख मतदाता नो मैपिंग थे। मतलब साल 2003 की मतदाता सूची से उनका मिलान नहीं हो पाया, लेकिन वह मतदाता आज भी है। नो मैपिंग होने के कारण उन्हें नोटिस भेजी गई। नोटिस में उनको सुनवाई के लिए बुलाया गया। सुनवाई के लिए सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के अलावा भी बड़ी संख्या में अन्य अफसरों को लगाया गया है। सुनवाई 27 फरवरी तक की जानी है। इस दौरान नो मैपिंग मतदाता को आयोग से चिंहित किए गए 13 अभिलेखों में से कोई एक प्रस्तुत करना होता है। यदि इनमें से एक भी अभिलेख नहीं प्रस्तुत कर पाए तो उनका नाम 27 फरवरी के बाद मतदाता सूची से बाहर कर दिया जाएगा। सुनवाई में लगे अफसरों की बातचीत में पता चल रहा है कि लगभग 70 फीसदी मतदाता सुनवाई में अपने मतदाता बने रहने का साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पा रहे हैं। लगभग 30 फीसदी मतदाता ही ऐसे हैं जो मतदाता बने रहने का साक्ष्य प्रस्तुत कर पा रहे हैं। हालांकि सुनवाई कर रहे अफसर उनको समझा कर भेज साक्ष्य के साथ आने के लिए कह रहे हैं। लोग मतदाता बने रहने को अभिलेख बनवाने के लिए भटक रहे है। एक व्यक्ति को जन्म प्रमाण पत्र के लिए नगर निगम में आवेदन करके किसी तरह इसे प्राप्त करने की कोशिश में है। कई अन्य भी इसी तरह परेशान है। जिला निर्वाचन कार्यालय का कहना है कि सुनवाई अभी 27 फरवरी तक है। नो मैपिंग मतदाता साक्ष्य नहीं दो पाए तो उनका नाम सूची से बाहर होगा।

# पानी संस्थान टीम ने जीती जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता

अयोध्या कार्यालय


जूनियर बालिका कबड्डी व बालक एथलेटिक्स प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी मुख्य अतिथि भाजपा महानगर कमलेश श्रीवास्तव के साथ।

**आयोजन**

**अमृत विचार:** क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय के तत्वावधान में डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में गुरुवार को जूनियर बालिका कबड्डी व जूनियर बालक एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में पानी संस्थान टीम विजेता रही। मुख्य अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने एथलेटिक्स व कबड्डी के व्रजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

डाभासेमर के अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में पं. दीन दयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में जिले की छह टीमों ने प्रतिभाग किया। लीग कम नॉक आउट पद्धति पर हुई प्रतियोगिता में स्टेडियम अयोध्या व पानी संस्थान तारुन टीमों ने फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच में पानी संस्थान तारुन टीम ने स्टेडियम अयोध्या को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 15-12 से पराजित करते हुये विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। जूनियर बालक एथलेटिक्स प्रतियोगिता की 100 मीटर दौड़ स्पर्धा में सूर्य प्रताप सिंह प्रथम, आदर्श द्वितीय व अनन्त दुबे तृतीय रहे। 200 मीटर में गोरखनाथ प्रथम, आदर्श द्वितीय व विराट तृतीय रहे, 400 मीटर में श्रेयांक पाल प्रथम, आदर्श द्वितीय व राज तृतीय रहे। 800 मीटर में आदर्श प्रथम, श्रेयांक द्वितीय व आशीष तृतीय रहे। 1500 मीटर में राकेश प्रथम, अमन द्वितीय आनन्द तृतीय रहे। 5000 मीटर में राकेश प्रथम, आनन्द द्वितीय व देवांश तृतीय रहे। डिस्कस थ्रो में आशीष प्रथम, अंकुर द्वितीय रहे। गोलाफेंक में सूर्य प्रताप प्रथम, अभिषेक द्वितीय व रितिक तृतीय रहे। लम्बी कूद में गौरव प्रथम, विराट द्वितीय व अजय तृतीय रहे। 100 मीटर हर्डिल रेस में अनन्त प्रथम, आलोक द्वितीय व विराट तृतीय रहे। त्रिकूद में श्रेयांक प्रथम, अमन द्वितीय व आदर्श तृतीय रहे। जैवलिन थ्रो में अजय प्रथम, अंकुर द्वितीय व निकेतन तृतीय रहे। इस अवसर पर आरएसओ अनिमेष सक्सेना, उपक्रीड़ा अधिकारी शकील अहमद अंसारी, विवेक कुमार, प्रशिक्षक, ऑफीशियल, खिलाड़ी व खेल प्रेमी मौजूद रहे।


नव निर्मित कार्यालय पर पूजन करतीं श्वेता जायसवाल। अमृत विचार

## नपं महराजगंज कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**संवाददाता, आजमगढ़।** महराजगंज नगर पंचायत में गुरुवार को वैदिक अनुष्ठान और विधि-विधान के साथ उप कार्यालय का उद्घाटन हुआ। नगर पंचायत अध्यक्षा श्वेता जायसवाल ने अपने पति डॉ. सुनील जायसवाल के साथ पूजा-अर्चना कर कार्यालय का लोकार्पण किया। कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें स्थानीय लोगों की भी मौजूदगी रही। नव निर्मित यह उप कार्यालय भैरव बाबा मंदिर के प्रांगण में आकर्षक और सुंदर ढंग से तैयार किया गया है। धार्मिक वातावरण में बने इस कार्यालय से नगरवासियों को अब बेहतर और सुगम प्रशासनिक सेवाएं मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर लिपिक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पवित्र स्थल बाबा भैरवनाथ की नगरी में इस कार्यालय का निर्माण कराया गया है, ताकि लोगों को अपने कार्यों के लिए दूर न जाना पड़े और उन्हें त्वरित सेवाएं मिल सकें।

## पीएनबी के छज्जापुर शाखा में लाखों की ठगी

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के टांडा में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की छज्जापुर शाखा में बीमा के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोप है कि एजेंट ने लगभग एक दर्जन लोगों से लाखों रुपए ठग लिए हैं। पीड़ितों ने बताया कि उन्हें फर्जी फिक्स्ड डिपॉजिट एफडी और बीमा पॉलिसी के दस्तावेज दिए गए थे। जब इन दस्तावेजों की सत्यता की जांच की गई, तो पता चला कि उनके नाम से कोई वैध एफडी या बीमा पॉलिसी दर्ज नहीं है। धोखाधड़ी का पता चलने पर पीड़ितों ने एजेंट से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उसका मोबाइल बंद मिला। पीड़ितों ने बताया कि एजेंट न तो अपने घर पर मौजूद है और न ही अपने कार्यालय में उपलब्ध है। एसपी अभिजित आर शंकर ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी।

# बीएनकेबी पीजी कॉलेज की प्राचार्य समेत चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** अकबरपुर स्थित बीएनकेबी पीजी कॉलेज की प्राचार्य शुचिता पांडेय समेत चार लोगों के खिलाफ अकबरपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई एलएलबी परीक्षा में अनियमितताओं के आरोप में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देश पर नायब तहसीलदार की तहरीर पर की गई है।

बता दें कि बीएनकेबी पीजी कॉलेज में एलएलबी की परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। इस परीक्षा केंद्र पर कई कॉलेजों के कुल 1 हजार 663 परीक्षार्थी शामिल हैं। उपजिलाधिकारी सदर प्रतीक्षा सिंह ने बीते 2 फरवरी को परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान महाविद्यालय में कई अनियमितताएं पाई गईं। जिसमें टीन शेड में बने परीक्षा कक्ष में सीसीटीवी नहीं लगे थे। कक्ष संख्या 03 के सामने वाली गैलरी में लगे सीसीटीवी भी धुंधले पाए गए। निरीक्षण में सिटिंग प्लान भी मानक के अनुरूप नहीं मिला। निरीक्षण का संज्ञान होते ही छात्रों ने अलग-अलग सीटों पर बैठने का प्रयास किया, लेकिन केंद्र में मानक के अनुसार सिटिंग व्यवस्था नहीं थी। परीक्षा केंद्र पर तैनात कक्ष निरीक्षकों और आंतरिक सचल दल का कोई भी पूर्ण अभिलेखीय विवरण उपलब्ध नहीं था। ड्यूटी रजिस्टर में प्रथम पाली में 43 कक्ष निरीक्षकों के नाम और हस्ताक्षर अंकित थे। ड्यूटी रजिस्टर के अवलोकन और विभिन्न अनियमितताओं से स्पष्ट हुआ कि केंद्राध्यक्ष प्रो. शुचिता पांडेय ने परीक्षा केंद्र पर हो रही गड़बडियों की अनदेखी किया है। जिलाधिकारी के 4 फरवरी के निर्देश और उपजिलाधिकारी अकबरपुर के आदेश के क्रम में नायब तहसीलदार को संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश प्राप्त हुआ था। इसी आधार पर बीएनकेबी पीजी कॉलेज की केंद्राध्यक्ष शुचिता पांडेय, सीपी तिवारी, अजय सिंह और एक अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## राशन कार्ड में अनियमितताओं का बोलबाला

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जलालपुर तहसील परिसर स्थित खाद्य एवं आपूर्ति विभाग में राशन कार्ड से जुड़ी अनियमितताओं और कथित कालाबाजारी का मामला लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। आरोप है कि विभाग में तैनात अनधिकृत प्राइवेट कर्मचारी गरीबों और पात्र लाभार्थियों से अवैध वसूली कर रहे हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिदिन दर्जनों लोग राशन कार्ड में नाम जुड़वाने या नया कार्ड बनवाने के लिए 15 से 25 किलोमीटर की दूरी तय कर तहसील परिसर पहुंच रहे हैं। बावजूद इसके महीनों तक चक्कर लगाने के बाद भी उनका काम नहीं हो पा रहा है। पीड़ितों का कहना है कि ऑनलाइन आवेदन और ब्लॉक स्तर पर सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद न तो नाम जोड़ा जा रहा है और न ही नया राशन कार्ड जारी किया जा रहा है। इस संबंध में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के ब्लॉक प्रभारी चंदन सरोज और जलालपुर ब्लॉक प्रभारी डॉ. भास्कर से अनधिकृत कर्मचारियों के बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने किसी भी प्रकार की जानकारी देने से बचते हुए कार्यालय आकर बात करने की बात कही।

## डीआईओएस उपेंद्र कुमार का हुआ तबादला

**आजमगढ़।** जिला विद्यालय निरीक्षक उपेंद्र कुमार का शासन स्तर से तबादला कर दिया गया है। उनके स्थान पर अजय कुमार को नया डीआईओएस नियुक्त किया गया है। यह तबादला वेतन भुगतान और परीक्षा केंद्रों में मनमानी से जुड़े गंभीर आरोपों के बाद किया गया है। अब अजय कुमार आजमगढ़ के नए जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) होंगे। वर्तमान में अजय कुमार श्रावस्ती में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के पद पर तैनात थे। वहीं उपेंद्र कुमार को सहायक शिक्षा निदेशक, भवन मुख्यालय प्रयागराज भेजा गया है। घूस, वसूली और मनमानी के आरोपों के चलते जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने शासन को रिपोर्ट भेजी थी। जिसके आधार पर शासन ने उपेंद्र कुमार को आजमगढ़ से हटाकर प्रयागराज से अटैच कर दिया है।

# पुलिस ने गुमशुदा मोबाइल किए बरामद

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर मोबाइल मालिकों के साथ मौजूद एसपी अभिजित आर शंकर।

- **पुलिस अधीक्षक ने 22 लाख रुपए के मोबाइल मालिकों को सौंपे**

**अमृत विचार।** जनपद पुलिस की मोबाइल रिकवरी सेल ने बड़ी सफलता हासिल किया है। टीम ने विभिन्न स्थानों से कुल 111 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 22 लाख रुपए है, जिन्हें उनके असली मालिकों को सौंप दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने बताया कि जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आम लोगों के गुम हुए मोबाइलों की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस कार्यालय में गठित मोबाइल रिकवरी सेल की टीम ने अथक प्रयास कर यह उपलब्धि हासिल किया है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने लोगों को महत्वपूर्ण सुरक्षा सलाह भी दी।

उन्होंने सेकेंड हैंड मोबाइल खरीदने से बचने की सलाह दी, क्योंकि इससे न केवल आर्थिक नुकसान हो सकता है, बल्कि कानूनी जटिलताओं का भी सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने मोबाइल की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने को कहा, क्योंकि इनमें कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और व्यक्तिगत जानकारी होती है। साइबर सुरक्षा के संबंध में पुलिस अधीक्षक ने लोगों को सचेत किया। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति को फोन पर अपना ओटीपी वन टाइम पासवर्ड साझा न करें।

## नर्सिंग छात्रा फुफेरी बहन के साथ लापता

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जेएनएम तृतीय वर्ष की कोर्स कर रही एक छात्रा अपने फुफेरी बहन के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। छात्रा के भाई की तहरीर पर जलालपुर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से जुड़ी बताई जा रही है। बता दें कि छात्रा जलालपुर-नगपुर स्थित एक मेमोरियल हॉस्पिटल से जेएनएम तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। वह विद्यालय के पास स्थित एक मैरिज हॉल में किराए का कमरा लेकर रहती थी। छात्रा के भाई ने बुधवार को कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि बीते 3 फरवरी को सुबह करीब 11 बजे उसकी बहन घर से विद्यालय के लिए निकली थी, लेकिन देर रात तक न तो घर पहुंची और न ही अपने कमरे पर लौटी। उसके साथ उसकी फुफेरी बहन भी थी।

# आरटीई से प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

- **तीन चरणों में होगी प्रवेश प्रक्रिया**

**अमृत विचार।** जनपद में शिक्षा का अधिकार अधिनियम आरटीई के तहत निजी स्कूलों में बच्चों के प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। जनपद के कुल 832 निजी स्कूलों में लगभग 5 हजार 247 सीटों पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को दाखिला दिया जाएगा। यह पहल समाज के वंचित तबके को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार पटेल ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया को तीन चरणों में पूरा किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक पात्र बच्चों को अवसर मिल सके। पहला चरण 2 फरवरी से 16 फरवरी तक चलेगा, जिसमें अभिभावक अपने बच्चों के लिए आवेदन कर सकेंगे। दूसरा चरण 21 फरवरी से सात मार्च तक निर्धारित किया गया है, जबकि तीसरा और अंतिम चरण 12 मार्च से 25 मार्च तक चलेगा। इन सभी चरणों में अभिभावकों को ऑनलाइन आवेदन करने का मौका मिलेगा। विभाग ने यह सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं जिससे प्रवेश प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो।

## किसान सम्मान निधि के लिए फार्मर रजिस्ट्री जरूरी

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देश पर उपनिदेशक कृषि अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराना आवश्यक है। फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराने वाले किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से वंचित हो जाएंगे। उन्होंने सभी किसानों से अनुरोध किया कि वह अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर फार्मर रजिस्ट्री किसान बही बनवा सकते है, साथ ही साथ अपने ग्राम पंचायत सहायकों से भी सम्पर्क कर और स्वयं अपने मोबाइल से सेल्फ मोड ऐप को प्ले स्टोर के माध्यम से डाउनलोड करते हुए कर सकते है। उक्त कार्य को प्रत्येक दशा में सभी किसानों को कराना अनिवार्य है, अन्यथा की दशा में भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अगली किस्त जो भेजी जानी है स्वतः अवरुद्ध हो जाएगी। फार्मर रजिस्ट्री बनवाने में खतौनी या आधार में नेम मिस मैच हो रहा है के संशोधन की व्यवस्था तहसील पर दी गई है। अतः जनपद के जिन किसानों का फार्मर रजिस्ट्री बनवाने में खतौनी या आधार में नेम मिसमैच हो रहा है वह अपने सम्बन्धित तहसील में जाकर संशोधन जल्द से जल्द करा लें।

## कब्रिस्तान की नवनिर्मित बाउंड्री वॉल को ढहाया

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** सम्मनपुर थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर दुबखर गांव में अराजक तत्वों ने बीती रात कब्रिस्तान की नवनिर्मित बाउंड्री वॉल को ढहा दिया। दो दिन पूर्व ग्रामीणों द्वारा चंदा एकत्र कर बनवाई गई चारदीवारी के क्षतिग्रस्त होने से गांव में रोष व्याप्त है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सीओ सिटी ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।ग्रामीणों के अनुसार, दो दिन पहले कब्रिस्तान की सुरक्षा को लेकर चंदा लगाकर बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया गया था। गुरुवार रात अज्ञात अराजक तत्वों ने इसे गिरा दिया। घटना की जानकारी सुबह तब हुई, जब शेख मो. कुद्दूस सहित अन्य ग्रामीण कब्रिस्तान पहुंचे और बाउंड्री वॉल को टूटा देखा। इसके बाद देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ सीओ सिटी नीतीश तिवारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। सीओ सिटी ने थानाध्यक्ष को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बताया कि रात में किसी अराजक तत्व द्वारा कब्रिस्तान की बाउंड्री वॉल को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसकी जांच की जा रही है। मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई है।

**विकास पर चर्चा** | बसखारी पश्चिमी अटल चौक और पूर्वी अंबेडकर चौक के नाम से जाना जाएगा, बैठक में कई प्रस्ताव हुए पारित

# नगर पंचायत के विकास के लिए सभी सभासद निभाएं जिम्मेदारी : अध्यक्ष

बसखारी, अंबेडकरनगर।


नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा में बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता करते अध्यक्ष ओंमकार गुप्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गुरुवार को नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के अध्यक्ष ओंमकार गुप्ता की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विकसित उत्तर प्रदेश 2047 और विकसित किछौछा के लक्ष्य को केंद्र बनाते हुए नगर पंचायत क्षेत्र में विकास के कई प्रस्ताव पर चर्चा की गई।

बैठक में गौवंशों के संरक्षण के लिए गौशाला के लिए भूमि आवंटन, सुरक्षा में तैनात पुलिस और पीएससी जवानों के लिए भूमि आवंटन, टैक्सी स्टैंड नीलामी में पारदर्शिता, सडक़, नाली, पथ प्रकाश, अतिक्रमण, पूर्व बोर्ड बैठक के प्रस्ताव में महापुरुषों के नाम पर प्रस्तावित मार्गो के नामकरण समेत अन्य विकास बिंदुओं के विषय चर्चा का केंद्र बिंदु रहे है। बैठक के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष ओंमकार गुप्ता ने कहा कि नगर पंचायत के समग्र विकास के लिए सभी सभासद मिलकर अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत विकास के साथ-साथ बसखारी पूर्वी चौराहे को अंबेडकर चौक, बसखारी पश्चिमी चौराहे को अटल चौक, सरस्वती शिशु मंदिर से किछौछा जाने वाले मार्ग को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग, नगर पंचायत कार्यालय के सामने से दरगाह जाने वाले मार्ग को पंडित दीनदयाल उपाध्याय मार्ग से जाना जाएगा।

**बैठक में ये रहे उपस्थित**

बैठक में अधिशासी अधिकारी संजय जैसवार, कार्यालय लिपिक अभिषेक यादव, कार्यालय सहायक राकेश प्रजापति, सभासद मीरा रानी, ज्योति गुप्ता, सुनीता देवी, सफरूनिशा, रिजवाना निशा, हसीना परवीन, मायाराम, सुभाष निषाद, मोहम्मद शरीफ, लालमन रावत, सूरज लाल उपाध्याय, मोनू निषाद, राम जी, प्रदीप कुमार आदि सभासद मौजूद रहे।

## हर ब्लॉक में खुलेंगे पशु औषिध केंद्र

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरविन्द कुमार सिंह ने बताया कि प्रत्येक विकास खण्ड में जन औषधि केंद्र की तर्ज पर एक पशु औषधि केन्द्र खोला जाएगा। आवेदनकर्ता आवेदन के साथ फार्मासिस्ट का नाम एवं उसका पंजीकरण विवरण, दुकान के लिए 120 वर्ग फुट का स्थान का प्रमाण पत्र तथा ड्रग सेल लाइसेंस का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा। प्रधानमंत्री कृषक समृद्धि केन्द्र एवं सहकारी समितियों के योग्य लाभार्थियों को इस योजना में प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। यह केन्द्र भारत सरकार की पशुधन स्वास्थ्य एवं बीमारी नियन्त्रण कार्यक्रम एलएचडीसीपी अन्तर्गत संचालित होगा।

## युवक पर जानलेवा हमला और लूटपाट

**अम्बेडकरनगर।** थाना भीटी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेला के पास बीती 3 फरवरी की रात एक युवक पर लाठी-डंडों, लोहे की रॉड व धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर लूटपाट किए जाने का मामला सामने आया है। घायल युवक की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम रोहनापारा (मुकेरीपुर) थाना अहिरौली निवासी बैकुंठ तिवारी पुत्र दीपांशु तिवारी पेटीएम कंपनी में क्यूआर कोड लगाने का कार्य करते हैं। 3 फरवरी की शाम ग्राम बेला के पास कुछ लोगों ने घात लगाकर उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया और गले में पड़ी सोने की चेन व करीब छह हजार रुपये नकद छीन लिए ।घटना की सूचना किसी राहगीर ने पुलिस 112 पर दी। प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल और फिर लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। होश में आने पर घायल ने काली सहाय पांडे, राना पांडेय, पीयूष पांडेय समेत कुछ अन्य लोगों पर हमला करने का आरोप लगाया है। परिजनों ने नामजद आरोपियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# राम मंदिर में भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा स्थापित

## संपूर्ण विश्व के स्वास्थ्य रक्षक हैं आयुर्वेद के देव : चंपत राय

अयोध्या कार्यालय।



श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को श्रीराम की मूर्ति देकर सम्मानित करते विश्व आयुर्वेद परिषद के पदाधिकारी।

**अमृत विचार:** राम मंदिर के परकोटा स्थित परिक्रमा पथ पर वीथिका भित्तिचित्र के रूप में आयुर्वेद के देव भगवान धन्वंतरि की कांस्य प्रतिमा स्थापित की गई है। कहा जाता है कि देवासुर संग्राम में समुद्र मंथन के दौरान अमृत कलश लेकर देव भगवान धन्वंतरि प्रकट हुए थे।

श्री राम जन्मभूमि में प्राण-प्रतिष्ठा के समय से ही विश्व आयुर्वेद परिषद ने पत्राचार कर प्रतिमा को स्थापित करने के लिए ट्रस्ट से अनुमति ली थी। विश्व आयुर्वेद परिषद के चिकित्सक प्रकोष्ठ सहप्रभारी डॉ. पंकज श्रीवास्तव के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को प्रचार प्रमुख डॉ. आनंद उपाध्याय व डॉ. विवेक श्रीवास्तव के द्वारा कारसेवक पुरम में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय का अभिनंदन किया। इस अवसर पर भगवान धन्वंतरि की लघु प्रतिमा, अभिनंदन पत्र व अंगवस्त्र प्रदान कर आभार व्यक्त किया। इस दौरान चंपत राय ने विश्व आयुर्वेद परिषद को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आयुर्वेद के देव भगवान धन्वंतरि संपूर्ण विश्व के स्वास्थ्य रक्षक हैं और विश्व आयुर्वेद परिषद के प्रयासों से ही प्रेरणा लेकर लोक कल्याण की भावना से ही तीर्थ क्षेत्र में भगवान धन्वंतरि की स्थापना परिक्रमा पथ पर की गई है।

## महाशिव रात्रि पर पहली बार राम मंदिर में सजेगी भोलेनाथ की झांकी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व पर राम जन्मभूमि परिसर स्थित कुबेर टीला पर कुबेरेश्वर महादेव मंदिर के साथ पहली बार परकोटा में स्थित भगवान शिव मंदिर में पहली बार भोलेनाथ की झांकी सजाई जाएगी। सरयू तट स्थित प्राचीन नागेश्वर नाथ मंदिर से बारात भी निकाली जाएगी। जिसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। राममंदिर ट्रस्ट ने कुबेर तिल को संरक्षित करते हुए प्राचीन कुबेरेश्वर महादेव मंदिर का सुंदरीकरण कराया है। यहां पर आम श्रद्धालु के जाने की अनुमति नहीं दी गई है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से अनुमति लेने के बाद ही इस स्थान पर कोई भी व्यक्ति दर्शन कर सकता है। छह दिसंबर 1992 की घटना के बाद कुबेर टीला अधिग्रहीत हो गया था। पांच जुलाई की आतंकी घटना के बाद यहां प्रवेश निषिद्ध हो गया। भव्य राम मंदिर निर्माण कर प्राण प्रतिष्ठा के बाद एक बार फिर से यहां पूजन-अर्चन व उत्सव की परंपरा शुरू हुई है। इस बार राम मंदिर परिसर में भगवान शिव के एक और भव्य मंदिर बनकर तैयार हो गया है। विशाल शिवलिंग की स्थापना भी हो चुकी है। जहां अब भव्य आयोजन की तैयारी की जा रही है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ .अनिल मिश्रा ने बताया कि महाशिवरात्रि पर विधि विधान पूर्वक आयोजन संपन्न किए जाएंगे भगवान के मंदिर में अनुष्ठान, रुद्राभिषेक और पूजन का आयोजन किया जाएगा। दोनों मंदिरों को फूलों और लाइटों से सजाया जाएगा।



परकोटा के शिव मंदिर में स्थित शिवलिंग।

## डाकघर में 249 में हो रहा है 10 लाख का बीमा

**अयोध्या कार्यालय।** अन्य बीमा कम्पनी के महंगे प्रीमियम पर बीमा करवाने में असमर्थ लोगों के लिए डाक विभाग का इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के एक विशेष सामूहिक दुर्घटना सुरक्षा बीमा लेकर आया है। जिसमें वर्ष में महज 249 व 299 रुपये की प्रीमियम के साथ लाभार्थी का 10 व 15 लाख का एक्सीडेंट बीमा होगा। इसे प्रतिवर्ष रिन्यू कराना होगा। इस बीमा योजना को गति देने के लिए लखनऊ के क्षेत्रीय प्रबंधक शैलेंद्र तिवारी और मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर एके यादव ने मंडल कार्यालय में बैठक की। प्रवर अधीक्षक ने बताया कि इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक और बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के मध्य हुए एक एग्रीमेंट के तहत 18 वर्ष से ऊपर आयु के लोगों को यह सामूहिक दुर्घटना बीमा सुरक्षा मिलेगी। जिससे इसके तहत दोनों प्रकार की बीमा कवर में दुर्घटना से मृत्यु अस्थाई या आंशिक पूर्ण अपंगता विच्छेद या पैरालाइज होने पर 5 से 7 .5 लाख रुपये का कवर मिलेगा। पंजीकरण के लिए लोग अपने नजदीकी डाकघर में संपर्क कर सकते हैं। बैठक में वरिष्ठ प्रबंधक चेतन जायसवाल, पवन प्रताप सिंह, सहायक डाक अधीक्षक ओमेश्वर, डाक निरीक्षक मनोज कुमार, हरिमोहन सिंह, गौरव, अभिषेक तिवारी, मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### अनुदेशकों ने प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

**बारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** देवकाली ओवर ब्रिज के पास अनुदेशक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम सिंह का अनुदेशकों ने भव्य स्वागत किया। सुप्रीम कोर्ट ने अनुदेशकों के पक्ष में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया था। दिल्ली में मुकदमे की पैरवी कर गोरखपुर लौट रहे विक्रम सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार अप्रैल माह से अनुदेशकों का मानदेय बढ़कर 17,000 रुपये प्रतिमाह हो जाएगा। आश्वासन दिया कि छह महीनों के भीतर बकाया मानदेय का भुगतान एरियर के रूप में अनुदेशकों को मिलेगा। जिला अध्यक्ष पुनीत यादव और महामंत्री अतुल वर्मा के नेतृत्व में स्वागत करने वालों में जिला सचिव अर्जुन कुमार, अभिषेक, हिमांशु, सर्वेश सहित कई अन्य अनुदेशक मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा

**अयोध्या, अमृत विचार :** अखिल भारतीय चाणक्य परिषद और श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन मुख्य राजस्व अधिकारी को सौंपा। प्रेस क्लब सिविल लाइन्स कैंट में एकत्र ब्राह्मण समाज के लोगों ने सवर्ण जाति का उत्पीड़न को बनाए गए यूजीसी के काले कानून को वापस लेने या संशोधित करने और ब्राह्मण के खिलाफ दुष्प्रचार और बेइज्जत करने के लिए बनाई जा रही ब्राह्मण नामक फिल्म के शीर्षक को बदलवाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक पं. कृपा निधान तिवारी, हनुमान प्रसाद शुक्ला, अंबिका प्रसाद तिवारी, कृष्ण कुमार तिवारी, अधिवक्ता पंडित देवकीनंदन त्रिपाठी आदि थे।

### पति पर देह व्यापार करने का आरोप

**अमृत विचार :** इनायत नगर थाने के शाहगंज पुलिस चौकी क्षेत्र कीएक महिला ने अपने पति पर अवैध संबंध एवं देह व्यापार में संलिप्त होने का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। पीड़िता ने दिए गए प्रार्थना-पत्र में आरोप लगाया है कि बुधवार को वह घर से बाहर जा रही थी, तभी उसने अपने पति की मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी देखी। घर के भीतर संदिग्ध आवाजें आने पर जब वह पीछे के दरवाजे से अंदर गई तो उसने अपने पति को एक महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पाया। पीड़िता का आरोप है कि एक महिला और पति द्वारा लंबे समय से गलत हरकतें एवं अवैध देह व्यापार किया जा रहा है। आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में पुलिस चौकी शाहगंज पर प्रार्थना पत्र दिया गया। उसके बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

### पत्नी के जन्मदिन पर रक्तदान कर दिया जीवनदान का संदेश



**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला चिकित्सालय अयोध्या के ब्लड बैंक में गाजीपुर के निवासी विनय कुशवाहा ने अपनी पत्नी सरिता कुशवाहा के जन्मदिन पर रक्तदान कर अनमोल उपहार के रूप में भेंट किया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में जिला समन्वयक के रूप में कार्यरत विनय ने बिहार पुलिस में नियुक्त अपनी अर्धांगिनी सरिता कुशवाहा को रक्तदान कर जीवनदान का संदेश दिया। इस अवसर पर सब इंस्पेक्टर रणजीत यादव खाकी वाले गुरूजी, डॉ. विजय शंकर, ब्लड काउंसलर ममता खत्री, पीआरओ विन्ध्येश्वरी प्रसाद और प्रभाकर मौर्य ने विनय कुशवाहा का उत्साहवर्धन किया।



अयोध्या-प्रयागराज मार्ग पर आग की लपटों में घिरी एसयूवी।

## धू- धू कर जली एसयूवी, कूदकर भागे सवार

**मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के अयोध्या -प्रयागराज हाईवे पर नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के फसल अनुसंधान केंद्र मसौधा गेट के सामने गुरुवार दोपहर शहर की ओर जा रही एसयूवी में आग लग गई। कार सवारों ने भागकर जान बचाई। घटना उस वक्त हुई जब कार स्वामी ब्लॉक हरिंगटनगंज की ग्राम पंचायत जोहन निवासी राम जी अग्रहरि अपने बेटे हरिओम (18) का इलाज कराने के लिए फैजाबाद के नाका मकबरा स्थित एक क्लीनिक पर जा रहा था। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक पूरा कलंदर मनोज कुमार शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड दस्ते को बुलाकर आग बुझाया। इस दौरान करीब घंटे भर तक हाईवे पर आवागमन ठप रहा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कार सवार सभी सुरक्षित हैं।

# मेडिकल कॉलेज में डायलिसिस यूनिट की स्थापना की जगी आस

अयोध्या कार्यालय

- खटाई में पड़ता दिख रहा था प्रोजेक्ट, प्राचार्य ने टेंडर के दिए निर्देश

**अमृत विचार:** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में डायलिसिस यूनिट स्थापित होने की उम्मीद एक बार फिर से जग गई है। यह प्रोजेक्ट लंबे समय से लटका हुआ था। नए प्रभारी प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह मर्तोलिया के प्रयासों से अब इसमें नई गति आई है।

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सीएसआर फंड से लगभग चार करोड़ रुपये की लागत से 10 बेड की अत्याधुनिक डायलिसिस यूनिट स्थापित की जानी है। इस यूनिट से अयोध्या और आसपास के जिलों के किडनी रोगियों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्हें लखनऊ या अन्य शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। यह समझौता 24 मार्च 2025 को हुआ था। ब्लड बैंक विभागाध्यक्ष डॉ. डीके सिंह और इंडियन ऑयल के प्रतिनिधि वीके पाल के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए थे। एमओयू के तहत यूनिट की स्थापना, उपकरण और संचालन की जिम्मेदारी तय की गई थी। प्रोजेक्ट रिपोर्ट भी तैयार हो चुकी थी और 15 अक्टूबर तक इंडियन ऑयल को विस्तृत जानकारी भेजी जा चुकी थी, लेकिन टेंडर प्रक्रिया समय पर शुरू न होने के कारण देरी हुई। साथ ही विभागीय राजनीति और प्रशासनिक स्तर पर कुछ अड़चनों के चलते यह प्रोजेक्ट खटाई में पड़ गया। अब प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह मर्तोलिया ने इस प्रोजेक्ट को पुनर्जीवित करने का फैसला लिया। उन्होंने टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं और जल्द ही इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा है। डॉ. मर्तोलिया का कहना है कि यह यूनिट गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए वरदान साबित होगी।



सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में दुरदुरिया अनुष्ठान में शामिल महिला श्रद्धालु। अमृत विचार

## महाशिवरात्रि महोत्सव शुरू, 501 महिलाओं ने किया दुरदुरिया अनुष्ठान

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** शाहगंज बाजार के निकट स्थित सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव के प्रथम दिन दुरदुरिया कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आसपास के गांवों से आईं 501 महिलाओं ने अवसान मैया की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। आयोजक आनंद सोनी ने बताया कि सिद्धेश्वर नाथ मंदिर विश्व का पहला ऐसा मंदिर है, जहां वर्ष के 365 दिनों में 365 पुजारियों का योगदान रहता है। 16 वर्षों से महाशिवरात्रि के अवसर पर यहां पांच दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत 13 फरवरी को भव्य शोभायात्रा, 15 फरवरी को पांच कुंडीय महायज्ञ तथा 16 फरवरी को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# वैवाहिक समारोह में परिणय सूत्र में बंधे 100 जोड़े

बीकापुर/शाहगंज (अयोध्या)।



भारती इंटर कॉलेज बीकापुर में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम गुरुवार को भारती इंटर कॉलेज बीकापुर के खेल मैदान में सम्पन्न हुआ। इस दौरान बीकापुर व मसौधा ब्लॉक और नगर पंचायत बीकापुर क्षेत्र के 100 जोड़े नव दंपतियों ने परिणय सूत्र में बंधकर वैवाहिक रस्मों को पूरा किया।

मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान ने नवदंपत्यों को आशीर्वाद देते हुए प्रमाण पत्र और वैवाहिक उपहार प्रदान किया। हिंदू धर्म के पंडितों ने वैदिक मंत्र उच्चारण और सात फेरे करवा कर विवाह सूत्र में बांधा। कॉलेज के खेल मैदान में पांडाल सजाया गया, भारी भीड़ थी। जश्न का माहौल रहा। मांगलिक गीतों और डीजे की धुन पर लोग थिरकते रहे। विकास अधिकारी और ब्लॉक के कर्मचारी जुटे रहे। घराती, बराती और मेहमानों ने भोजन का लुत्फ उठाया। मुख्य अतिथि विधायक डॉ. चौहान ने कहा कि भाजपा की सरकार बेटियों के जन्म से ही उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, विवाह के लिए संवेदनशील है तमाम जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। इस बार धनराशि बढ़ाकर प्रति लाभार्थी एक लाख रुपये कर दी गई। इसमें 60 हजार रुपये बेटियों के बैंक खाते में 25 हजार रुपये का नवदंपति को वैवाहिक उपहार और 15 हजार रुपये समारोह के आयोजन में खर्च किया जा रहा है। संचालन प्रधान संघ के जिला सचिव मुकुल आनंद ने किया।

कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी रणविजय सिंह, बीडीओ अखिलेश मिश्रा, एडीओ बद्रीनाथ पांडे, एडीओ समाज कल्याण उषा रानी शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पांडे राना, ब्लॉक प्रमुख दिनेश वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल उपाध्याय, युवा उद्यमी गौरव पांडेय, शैलेंद्र पांडे मोनू, एसपी श्रीवास्तव, प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विशाल सिंह, मो. मुस्लिम शेख, प्रधान विजय गौड़, अजय तिवारी, मो. नफीस, गौतम चौरसिया सहित अन्य लोग थे। एडीओ उषा रानी शर्मा ने बताया कि इसमें बीकापुर ब्लॉक क्षेत्र के 46, मसौधा के 43, व नगर पंचायत बीकापुर के 11 जोड़े शामिल है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए कोतवाली पुलिस मौजूद रही।

## शारीरिक व मानसिक विकास का श्रेष्ठ माध्यम है खेल

पटरंगा, अयोध्या।



विधायक रामचंद्र यादव को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते हुए।

- परिषदीय विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में परिषदीय विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन सत्यनामी विद्यापीठ इंटर कालेज शुक्लापुर के मैदान पर हुआ। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र यादव ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

कहा कि व्यक्ति के सम्पूर्ण शरीर और मस्तिष्क के विकास का सशक्त माध्यम खेल है। विभिन्न स्पर्धा में विजयी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत भी किया। प्राथमिक स्तर बालक कबड्डी प्रतिस्पर्धा में सरैठा विजेता, शुक्लापुर उपविजेता। जूनियर स्तर खो खो बालिका वर्ग में शुक्लापुर विजेता व हलीमनगर उपविजेता रहे। सुलेख प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय चितईपुर के आशीष प्रथम, राम जानकी का पुरवा की संगीता द्वितीय व शुक्लापुर की सरस्वती तृतीय स्थान पर रहीं। 100 मीटर दौड़ में फिरोजपुर मखदूमी के अमरजीत प्रथम, मीरमऊ के राजू द्वितीय व फिरोजपुर मखदूमी के सुनील तृतीय स्थान पर रहे। संचालन रामकृष्ण गुप्ता व आभार ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी रमाकांत राम ने दिया। खंड शिक्षा अधिकारी रमाकांत राम, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अविनाश पांडेय, जिला प्रवक्ता रामकृष्ण गुप्ता, जूनियर शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र प्रताप मौर्य, कोषाध्यक्ष मोहम्मद गयास, रामानुज तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।

# बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना राष्ट्रीय आविष्कार योजना का लक्ष्य

अयोध्या कार्यालय।

- क्विज प्रतियोगिता में राधा, श्रेया, ज्योति, साक्षी व तेजस ने सर्वोच्च पांच में बनाया स्थान

**अमृत विचार :** विकसित भारत के लिए बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना राष्ट्रीय आविष्कार योजना का लक्ष्य है। ये बातें खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने कहीं। वह ब्लॉक संसाधन केंद्र मया पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में छात्रों एवं शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। कहा कि इससे छात्र-छात्राओं में प्रतियोगिता की भावना का समावेश होगा।

अध्यक्षता कर रहे जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अयोध्या के प्रवक्ता महेंद्र प्रताप वर्मा ने कहा की प्रतिभागी छात्र-छात्राओं में कड़ी प्रतिस्पर्धा रही, जिससे पता चलता है के ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी प्रतिभाशाली हैं, उन्हें अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है। समारोह का संचालन कर रहे ब्लॉक मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा विज्ञान, गणित एवं सामान्य ज्ञान पर आधारित यह प्रतियोगिता बच्चों के बहुआयामी विकास में सहायक है। प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक स्तर के कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें राधा विश्वकर्मा पूर्व माध्यमिक विद्यालय मया, श्रेया कंपोजिट विद्यालय पंपारपुर, ज्योति कंपोजिट विद्यालय वीरशाहपुर, साक्षी यादव उच्च प्राथमिक विद्यालय गोकुल पुर व तेजस कंपोजिट विद्यालय जरही ने सर्वोच्च पांच में स्थान प्राप्त किया। जिन्हें शील्ड और विज्ञान किट देकर कर पुरस्कृत किया। सभी प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी किट एवं प्रमाण पत्र पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया। ब्लॉक मया के अकादमिक रिसोर्स पर्सन संजय सिंह, वन्दना झां, डीएन सिंह व पंकज तिवारी की देखरेख में बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित गणित विज्ञान एवं सामान्य विज्ञान की लिखित परीक्षा व मोखिक परीक्षा आयोजित की गई।

# उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग से खराब होगा मृदा का स्वास्थ्य

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** नैनो उर्वरक उपयोग को लेकर कृषि भवन सभागार मे जिला और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों कर्मचारियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि संयुक्त कृषि निदेशक डॉ. एके मिश्रा ने कहा कि रासायनिक उर्वरक और नैनो यूरिया जैसे उत्पादों के प्रयोग के बारे में बेहतर जानकारी से किसानों को लाभ होगा। अधिकारी कर्मचारी इसके लिए यहां समझन का प्रयास करें। इफ्को राज्य कार्यालय लखनऊ से आए डॉ. आरके नायक, उप महाप्रबंधक कृषि सेवाएं ने सभी प्रतिभागी अधिकारी कर्मचारियों को नैनो उर्वरकों के बारे में तकनीकि जानकारी एवं उर्वरकों के लाभ व रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग से मृदा स्वास्थ्य पर होने वाले हानिकारक दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी।

विशिष्ट अतिथि उप कृषि निदेशक डॉ. पीके कन्नौजिया, जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्रा सहित अपर जिला कृषि अधिकारी राहुल कुमार मिश्र, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप्र दीपांकर सिंह बादल आदि ने संबोधित किया।

## सीएससी सेवा केंद्र का हुआ शुभारंभ

**सतीचौरा, अयोध्या। अमृत विचार :** ग्रामीण बैंक शाखा राम नगर धौरहरा के अंतर्गत लोगों की सुविधा के लिए शिवचरण पुरवा गौशाला में सीएससी केंद्र का शुभारंभ गुरुवार को डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अंकित कुमार शर्मा ने किया। उन्होंने बताया कि बैंकों में भीड़ को देखते हुए बैंक के द्वारा सीएससी केंद्र का कोड देकर के 10,000 तक राशि निकालने का प्रावधान बैंक के द्वारा दिया गया है। जिससे लोगों को काफी राहत मिल रही है। इस अवसर पर सीएससी संचालक सचिन कुमार, पिंटू यादव, शुभम यादव व लल्लू प्रसाद रावत के अलावा तमाम लोक उपलब्ध रहे।

विकास

## 80 .92 किमी . सड़कों को दुरुस्त करने की योजना, शासन ने 11 .48 करोड़ किए स्वीकृत

# मिल्कीपुर और रुदौली के 85 मार्गों के आए अच्छे दिन

अयोध्या कार्यालय

- लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जाएगा मरम्मत कार्य, ग्रामीण व शहरी इलाकों को मिलेगा लाभ

**अमृत विचार :** जिले के मिल्कीपुर और रुदौली विधानसभा क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इन दोनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 85 मार्गों का सामान्य मरम्मत से लेकर पूर्ण नवीनीकरण किया जाएगा। इस योजना से लगभग 80.92 किलोमीटर लंबी सड़कों को ठीक करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों के निवासियों को सीधा लाभ मिलेगा।

शासन द्वारा इस कार्य के लिए 11.48 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। पूरा कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के खंड चार के अधिशासी अभियंता शशि भूषण सिंह ने बताया कि सभी आवश्यक स्वीकृतियां मिल चुकी हैं। जल्द ही कार्य शुरू हो जाएगा। इन सड़कों के खस्ताहाल होने से स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानी होती थी। अब इस मरम्मत और नवीनीकरण से सड़कें सुचारू, सुरक्षित और टिकाऊ बनेंगी। इससे न केवल दैनिक आवाजाही आसान होगी, बल्कि वाहनों का जीवन भी बढ़ेगा और ईंधन की बचत होगी।

मरम्मत होने वाली प्रमुख सड़कों में खंड पिपरा संपर्क मार्ग, बिड़हार से पाता का पुरवा संपर्क मार्ग, ऐहार मीसा गोहाना मार्ग से सराय मंझन संपर्क मार्ग, अहमदाबाद संपर्क मार्ग सहित कई अन्य महत्वपूर्ण मार्ग शामिल हैं। ये मार्ग गांवों को मुख्य सड़कों से जोड़ते हैं और स्थानीय व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं तथा कृषि उत्पादों के परिवहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्थानीय लोगों ने इस निर्णय का स्वागत किया है।

## बाबा बाल भारथी के स्थान का 10 लाख से होगा कायाकल्प

**बड़ागांव, अमृत विचार।** 15वें व पंचम राज्यवित्त निधि से क्षेत्र की ग्राम पंचायत सारंगापुर के मजरे बिसौली गांव स्थित बाबा बाल भारथी चर्चित देव स्थान का कायाकल्प 10 लाख रुपये से होगा। भाजपा नेता विक्रांत गोस्वामी पवन ने बताया बाबा बाल भारथी का स्थान बिसौली गांव वासियों के लिए बहुत ही सिद्ध स्थान है। प्रथम बार इस स्थान का निर्माण मुन्ना सिंह चौहान सिचाई मंत्री ने किया था । अब विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान ने इस स्थान के पुनरनिर्माण हेतु 10 लाख रुपये अवमुक्त कराए हैं।

**नन्दिनी कालेज**
नवाबगंज-गोण्डा (उ0प्र0)
9415458212, 9838989000, 9648469000, 9984223300
**आवश्यकता**
महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत परास्नातक स्तर पर कृषि संकाय के अन्तर्गत एम0एस-सी0 (कृषि) पाठ्यक्रम में एग्रोनामी, एग्रीकल्चरल केमेस्ट्री, हार्टिकल्चर एवं प्लान्ट पैथालोजी विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित हैः-
**अर्हता-** सहायक आचार्य पद हेतु द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण स्नातक उपाधि एवं सम्बन्धित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको सहित उत्तीर्ण स्नातकोत्तर उपाधि तथा यू0जी0सी0 रेगुलेशन-2016 प्रमाण-पत्र सहित पी-एच0डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाण पत्र।
**वेतन-** यू0जी0सी0/उत्तर प्रदेश शासन/मॉं. पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोट-** यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
उपर्युक्त विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु इच्छुक योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन-पत्र पर नवीन फोटोग्राफ चस्पा कर अपने शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधियों एवं अनुभवों की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन करें।
प्रबन्धक

**महाराजा बलभद्र सिंह रैंकवार महाविद्यालय**
बनकटा, पयागपुर-बहराइच (उ0प्र0)
9415458212, 9838989000, 9648469000, 9628469000
**आवश्यकता**
महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत परास्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम में शिक्षाशास्त्र, भूगोल, गृह विज्ञान एवं समाजशास्त्र विषयों में तथा परास्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अन्तर्गत एम0एस-सी0 पाठ्यक्रम में वनस्पति विज्ञान एवं रसायन विज्ञान विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित है :-
**अर्हता-** सहायक आचार्य पद हेतु द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण स्नातक उपाधि एवं सम्बन्धित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको सहित उत्तीर्ण स्नातकोत्तर उपाधि तथा यू0जी0सी0 रेगुलेशन-2016 प्रमाण-पत्र सहित पी-एच0डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाण पत्र।
**वेतन-** यू0जी0सी0/उत्तर प्रदेश शासन/मॉं. पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोट-** यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
उपर्युक्त विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु इच्छुक योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन-पत्र पर नवीन फोटोग्राफ चस्पा कर अपने शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधियों एवं अनुभवों की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन करें।
प्रबन्धक

**लखनलाल शरण सिंह महाविद्यालय**
रघुनाथपुर (विश्नोहरपुर), नवाबगंज-गोण्डा (उ0प्र0)
9415458212, 9838989000, 9648469000, 9984223300
**आवश्यकता**
महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत परास्नातक स्तर पर कृषि संकाय के अन्तर्गत एम0एस-सी0 (कृषि) पाठ्यक्रम में एग्रोनामी, एग्रीकल्चरल केमेस्ट्री, हार्टिकल्चर एवं जैनेटिक्स एण्ड प्लान्ट ब्रीडिंग विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित हैः-
**अर्हता-** सहायक आचार्य पद हेतु द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण स्नातक उपाधि एवं सम्बन्धित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको सहित उत्तीर्ण स्नातकोत्तर उपाधि तथा यू0जी0सी0 रेगुलेशन-2016 प्रमाण-पत्र सहित पी-एच0डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाण पत्र।
**वेतन-** यू0जी0सी0/उत्तर प्रदेश शासन/मॉं. पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोट-** यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
उपर्युक्त विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु इच्छुक योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन-पत्र पर नवीन फोटोग्राफ चस्पा कर अपने शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधियों एवं अनुभवों की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन करें।
प्रबन्धक

**साईं बाबा गौरी बाबा श्री अर्जुन सिंह महाविद्यालय, वल्लीपुर, नेवादा, अम्बेडकरनगर उ0प्र0**
**में आवश्यकता है**
स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अन्तर्गत बी0एससी0 पाठ्यक्रम में (वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान एवं जन्तु विज्ञान) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता-01 पद
**योग्यता एवं वेतनमान** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 21 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व-हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।
प्रबन्धक-**डॉ0 हितेन्द्र प्रताप सिंह**
मो0नं0-9415892671

**एकलव्य महाविद्यालय**
झुकिया, जरवलरोड-बहराइच (उ0प्र0)
9415458212, 9838989000, 9648469000, 9984223300
**आवश्यकता**
महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत परास्नातक कला संकाय के अन्तर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम में भूगोल एवं गृह विज्ञान विषयों में एवं परास्नातक विज्ञान संकाय के अन्तर्गत एम0एस-सी0 पाठ्यक्रम में वनस्पति विज्ञान एवं प्राणि विज्ञान विषयों में तथा परास्नातक कृषि संकाय के अन्तर्गत एम0एस-सी0 (कृषि) पाठ्यक्रम में एग्रोनामी एवं हार्टिकल्चर विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित हैः-
**अर्हता-** सहायक आचार्य पद हेतु द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण स्नातक उपाधि एवं सम्बन्धित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको सहित उत्तीर्ण स्नातकोत्तर उपाधि तथा यू0जी0सी0 रेगुलेशन-2016 प्रमाण-पत्र सहित पी-एच0डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाण पत्र।
**वेतन-** यू0जी0सी0/उत्तर प्रदेश शासन/मॉं. पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोट-** यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
उपर्युक्त विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु इच्छुक योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन-पत्र पर नवीन फोटोग्राफ चस्पा कर अपने शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधियों एवं अनुभवों की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन करें।
प्रबन्धक

# साधन के अभाव में भटकते रहे लोग, खचाखच भरी रहीं ई-बसें

## रामपथ पर लता चौक से टेढ़ी बाजार तक ई-रिक्शा संचालन बंद, सभी गलियों पर लगे बैरियर, तैनात रहे यातायातकर्मी

## गोल्फकार्ट की चांदी, अब उदया चौराहे तक लगा रहे चक्कर, वसूल रहे मनमाना किराया

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार।** अयोध्या धाम में दर्शनार्थियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के उद्देश्य से प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए रामपथ पर लता चौक से टेढ़ी बाजार तक ई-रिक्शा का संचालन प्रतिबंधित कर दिया है। इससे श्रद्धालुओं व अयोध्या वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिबंध के पहले दिन गुरुवार को यात्री साधन के अभाव में भटकते दिखे। ई-बसें खचाखच भरी रहीं। मौके का फायदा गोल्फकार्ट ने उठाया, उन्होंने अपना दायरा भी बढ़ाया साथ ही मनमाना पैसा भी वसूलना शुरू कर दिया।

रामनगरी में गुरुवार को सामान्य दिनों की तरह भीड़ के बावजूद रामपथ पर निकलने वाली गलियों पर बैरियर व सुरक्षाकर्मी देख लोग भौचक रह गए। कुछ ही देर में पता चला कि यह व्यवस्था ई-रिक्शा वाहन को रामपथ पर आने से रोकने के लिए की गई है। तुलसी उद्यान मोड, जानकी महल रोड, देवकाली तिराहा, पोस्ट ऑफिस तिराहा, हनुमानगढ़ी चौराहा, दंतधावन कुंड तिराहे, श्रीराम अस्पताल, धर्मकांटा समेत अन्य स्थानों पर तैनात यातायात पुलिसकर्मी ई-रिक्शा वाहनों को रामपथ पर आने से रोक रहे थे। अगर कोई भूलवश आ भी गया तो उसके साथ सख्ती बरती गई, चालान भी किया गया। सरयू घाट पर तो नयाघाट चौकी पुलिस व चीता मोबाइल के जवानों ने ई रिक्शा चालकों से अभद्रता भी की। सुबह के आठ बजते-बजते रामपथ ई रिक्शा वाहनों से खाली हो गया।

सुबह 9:30 बजे जब सरकारी व निजी संस्थानों के कर्मचारी, वकील, विद्यार्थी अपने-अपने संस्थानों को जाने के लिए निकले तो उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ा। ई-बसें जरूर चल रही थी लेकिन संख्या कम होने के कारण वह यात्रियों के बोझ सहन नहीं कर पा रही थीं। सभी बसें खचाखच भरी हुई थी। हाल यह रहा कि बस में चढ़ने के लिए मारामारी मची रही। युवा तो किसी तरह तो बस में चढ़ गए लेकिन बुजुर्ग, महिलाएं भीड़ के दबाव के चलते बस में नहीं चढ़ सकी। वहीं, नयाघाट पुलिस चौकी पर बैठे एडीएम सिटी योगानंद पांडेय, एसपी यातायात एपी सिंह, सीओ सिटी आशुतोष तिवारी स्थिति पर नजर बनाए हुए थे।


खचाखच भरी ई बस में चढ़ने का प्रयास करते यात्री।


श्रीराम अस्पताल से रेलवे स्टेशन मार्ग पर लगी बेरिकेडिंग। अमृत विचार

### गोल्फकार्ट पर मनमाना किराया वसूलने का आरोप

ई रिक्शा संचालन पर प्रतिबंध का फायदा गोल्फकार्ट संचालक उठा रहे हैं। पहले यह वाहन लता चौक से श्रीराम अस्पताल तक ही आवागमन करते थे। यात्रियों की भीड़ देखकर गुरुवार को अधिकांश वाहनों ने उदया चौराहे तक चक्कर लगाना शुरू कर दिया। वहीं, इन वाहनों का कोई किराया तय नहीं है, इन पर मनमाना किराया वसूलने का भी आरोप लगा। श्रीराम अस्पताल पर मिले एसएसवी इंटर कॉलेज के कक्षा-9 के छात्र नैतिक जायसवाल ने बताया कि वह रोज 10 रुपये में ई-रिक्शा से स्कूल पहुंच जाते थे। आज नहीं मिला तो गोल्फकार्ट से उदया चौराहे तक का सफर किया, यहां तक का 20 रुपये किराया देना पड़ा। यहां से 10 रुपये देकर ई-रिक्शा से स्कूल तक पहुंचे। कहा अब स्कूल आने जाने में तीन गुना किराया देना पड़ेगा। अवध विवि के छात्र आदित्य पांडेय ने कहा कि पहले श्रीराम अस्पताल से ई-रिक्शा से गुदरी बाजार, फिर वहां से विवि जाते थे। अब टेढ़ी बाजार तक पैदल जाना पड़ेगा। ई बस में घुसना बड़ा मुश्किल है।


उदया चौराहे ये यू टर्न लेती गोल्फकार्ट।

### श्रद्धालु बोले, ई-रिक्शा पर कही नहीं है प्रतिबंध

श्रीराम अस्पताल पर साधन का इंतजार कर रहे हापुड़ से आए श्रद्धालु सुनील शर्मा, सुनिधि, स्तुति, दिल्ली के विनोद कुमार, स्नेहा आदि ने बताया कि उन्हें अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन ट्रेन पकड़ने के लिए जाना है। वहां से बुधवार को ई-रिक्शे से आए थे लेकिन आज ई-रिक्शा नहीं मिल रहा है। पुलिस वालों से पूछा तो बताया कि ई-रिक्शा पर वैन लग गया है, ई-बस से जाना पड़ेगा।। करीब दो घंटे से खड़े हैं, चार-पांच ई-बस आई भी लेकिन उसमें इस कदर भीड़ है कि घुसना मुश्किल है। कहा कि ई-रिक्शा पर कहीं प्रतिबंध नहीं है, यहां पता नहीं क्यों लगाया गया। दोपहर करीब दो बजे टेढ़ी बाजार पर अवध विवि की छात्राएं महक, निधि, सुगंधा मिली, बोली हद हो गई है। अब रोज दो से तीन किमी पैदल चलना पड़ेगा। इससे समय के साथ पैसे की भी बर्बादी होगी।


श्रीराम अस्पताल पर साधन का इंतजार करते श्रद्धालु।

### धरने पर बैठी ई-रिक्शा यूनियन, आज करेंगे प्रदर्शन

ई रिक्शा पर लगाए गए प्रतिबंध को लेकर बुधवार को प्रदर्शन करने के बाद गुरुवार कृष्णानंद फाउंडेशन ई-रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष मुकुंद माधव त्रिपाठी व श्रीअयोध्या ई-रिक्शा कल्याण समिति के अध्यक्ष शाहिद खान के नेतृत्व में सैकड़ों ई-रिक्शा चालकों ने प्रमोद वन स्थित कार्यालय पर बेमियादी अनशन प्रारंभ कर दिया। मुकुंद ने बताया कि महापौर गिरीश पति त्रिपाठी के कहने पर वह गुरुवार को एसपी यातायात एपी सिंह, सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी से मिले व अपनी समस्याएं रखीं। उन्होंने विकल्प निकालने का आश्वासन दिया लेकिन कब तक यह नहीं बताया। बताया कि इसको लेकर शुक्रवार को प्रदर्शन किया जाएगा, इसके लिए प्रशासन से अनुमति मांगी गई है। वहीं, शाहिद ने कहा कि जब तक कोई विकल्प न निकले तब तक रामपथ के चौराहों पर सड़क पार करने की अनुमति मिलनी चाहिए। अनशन करने वालों में शहजाद आलम, इंद्रपाल साहू, अल्फात, रोहित साहू, बबलू हसन, विकास सिंह, अतुल सोनी, लल्लू निषाद समेत अन्य शामिल रहे। दोनों यूनियन के नेताओं ने आरोप लगाया कि हजारों परिवारों की आजीविका दांव पर लग गई है। उचित विकल्प के बिना प्रतिबंध लगाना अन्यायपूर्ण है।


प्रमोद वन स्थित कार्यालय पर अनशन करते ई रिक्शा यूनियन के पदाधिकारी व चालक।

> नई व्यवस्था बनाई है, पहले दिन इसका कड़ाई से पालन कराया गया। ई-रिक्शा यूनियन के पदाधिकारी मिले थे, अपनी समस्याएं बताई। फिलहाल उनसे व्यवस्था में सहयोग मांगा गया है। जल्द ही ई-रिक्शा वाहनों का रूट निर्धारित किया जाएगा। इसमें चालकों के सुझाव भी लिए जाएंगे। इसके बाद ही निर्णय लिया जाएगा। इसके अलावा भी अन्य विकल्पों पर विचार किया जा रहा है। गोल्फाकार्ट वाहन ज्यादा किराया ले रहे हैं, तो उस पर रोक लगाई जाएगी। **-एपी सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, यातायात।**

## न्यूज ब्रीफ

### जनता दर्शन में डीएम ने सुनी शिकायतें

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन में आम लोगों की समस्याएं सुनी। जिले के विभिन्न गांवों और शहरी क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें प्रस्तुत की। डीम ने शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। जनता दर्शन में भूमि विवाद, राजस्व, पेंशन, विद्युत, जलापूर्ति, सड़क मरम्मत, स्वास्थ्य सुविधा, जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे सामने आए।

### प्रथम प्रयास में ही क्वालीफाई किया नेट


हरेंद्र यादव

**अयोध्या, अमृत विचार :** यूजीसी द्वारा देश भर में आयोजित प्रोफेसर पात्रता परीक्षा( नेट ) में मिल्कीपुर के ग्राम सहुलारा के पूरे पल्टन निवासी सेवानिवृत्ति अपर सांख्यिकीय अधिकारी जगदीश प्रसाद यादव के इकलौते पुत्र हरेंद्र यादव ने अपना परचम लहराया है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अवधेश यादव के चचेरे भाई हरेंद्र यादव के बारे में बताया कि हरेंद्र यादव होनहार और मेहनती छात्र रहे हैं। वर्तमान में वह सिविल सेवा की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे समाज और क्षेत्र में खुशी की लहर है।

### घायल मिला बारहसिंघा

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** थाना बाबा बाजार के ग्राम सभा कसारी में गुरुवार दोपहर ग्रामीणों ने घायल बारहसिंघा देखा। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। ग्रामीण राम नारायण शुक्ल,दिलीप सिंह ने बताया कि सुबह रास्ते में चल पाने में असमर्थ बारहसिंघा दिखाई पड़ा। ग्रामीणों की मदद से खड़ा करने के प्रयास असफल हो गए। वन पशु के घायल होने की जानकारी क्षेत्रीय वन दरोगा राजबहादुर और मां कामाख्या धाम चौकी प्रभारी को दी गई। वन दरोगा ने बताया कि घायल वन जीव के उपचार के लिए पशु चिकित्सक को बुलाया गया है। पैर में चोट लगी होने की जानकारी दी।

### भागवतकथा को लेकर तैयारी बैठक संपन्न

**पूराबाजार, अयोध्या।** ब्लॉक क्षेत्र के राजेपुर गांव स्थित गोसाईगंज विधायक अभय सिंह के आवास पर श्रीमद् भागवत कथा के भव्य आयोजन को लेकर बैठक की गई। विधायक के पिता और सूर्यवंशी समाज के अध्यक्ष भगवान बक्श ने बताया कि भागवत कथा 14 से 20 मार्च तक होगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए 14 कोस क्षेत्र में बसे सूर्यवंशी समाज के 121 गांवों के मुखिया के साथ विचार-विमर्श किया गया है।

### रुश्दी मियां ने उठाया बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा

**मवई, अयोध्या, अमृत विचार।** झटका मशीन के करंट से किसान की मौत के बाद सपा नेता व पूर्व मंत्री सैय्यद अब्बास अली जैदी उर्फ रुश्दी मियां ने पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद करते हुए बच्चों की पढ़ाई का पूरा जिम्मा उठाने की घोषणा की है। गौरी का पुरवा, मजरा फिरोजपुर मखदूमी निवासी रज्जन लाल यादव ( 40 ) की तीन दिन पूर्व खेत में लगे झटका मशीन के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई थी। घटना की जानकारी मिलने पर रुश्दी मियां पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए तत्काल आर्थिक सहायता दी। साथ ही मृतक के तीनों बच्चों की शिक्षा का खर्च उठाने का आश्वासन दिया।

### वाहन स्वामी तत्काल लगवाएं हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट

**अयोध्या, अमृत विचार :** आरटीओ प्रशासन अयोध्या ऋतु सिंह ने सभी वाहन स्वामियों को तत्काल हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाए जाने का निर्देश दिया है। यह निर्देश मंडल के सभी एआरटीओ प्रशासन/प्रवर्तन, पीटीओ, मोटरयान निरीक्षक को भी दिया है। कहा कि जिलों में पंजीकृत सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी प्लेट शत-प्रतिशत लगवाए जाएं। इसका प्रचार प्रसार कराया जाए। इसके लिए एक अप्रैल के पूर्व कराए जाने का निर्देश दिया है। कहा कि 14 फरवरी से क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों में विभिन्न कार्य के लिए प्राप्त होने वाले आवेदनों जैसे स्वस्थता प्रमाण पत्र, पंजीयन प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रति, स्वामित्व अंतरण, पता परिवर्तन आदि आदि से संबंधित कार्रवाई करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि उस मोटरयान पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट अवश्य लगी हो। जिन वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट न लगी पाई जाए उनके खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया है।

## बाइक से उतरते पड़ा दिल का दौरा, मौत

**सोहावल, अमृत विचार:** सत्तीचौरा चौकी क्षेत्र के हुसनपुरा बडागांव में दीवार के रोशनदान और एक्जास्ट फैन को लेकर शहाबुद्दीन का पडोसी के साथ विवाद चल रहा था। दोनों पक्षों में आपसी सहमति से निपटारा भी कर लिया लेकिन विपक्षी के घर की बहू ने फोन कर दिया। उसे समझौते की जानकारी नहीं थी। वह बाइक से पुलिस के बुलाने पर पहुंचा। हार्ट का मरीज होने के कारण मौके पर बाइक से उतरते हार्ट अटैक का शिकार हो गया। उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक लाल चंद सरोज ने बताया कि मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम से मना कर दिया। कोई विवाद होने से मना करने पर ग्राम प्रधान नदीम मलिक सहित दोनो पक्षों की सहमति के आधार पर पंचनामा कर शव को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया है।

## फर्जी निकला सील दुकान में युवती के बंद होने का आरोप

- छत के रास्ते से युवती को दोबारा सील दुकान में भेजे जाने की आशंका
- एक्शन में आया नगर निगम, एफआईआर कराने के लिए दी तहरीर

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** फतेहगंज में सील की गई दुकान में युवती के बंद होने का आरोप फर्जी निकला, बुधवार देर रात तक चली गहमा-गहमी के बीच नगर निगम की टीम ने 20 घंटे के भीतर ही मामले का पर्दाफाश कर दिया। राजस्व निरीक्षक देवी प्रसाद ने मामले में पुलिस को तहरीर देते हुए आशंका जाहिर की है कि नाटकीय ढंग से सीढ़ी लगाकर छत के रास्ते से युवती को दुकान में प्रवेश करवाया गया था। इसके बाद नगर निगम द्वारा लड़की को अंदर ही छोड़कर भवन को सीज करने की भ्रामक खबरें फैला दी गईं। इस संबंध में पुलिस से आरोपी रिंकू गुप्ता के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने सील दुकान में युवती के कैद होने के आरोप पर स्पष्ट किया कि स्व. बेचन राम पर 90,800 गृह एवं जलकर के रूप में बकाया था, जिसकी वसूली के लिए 29 जून 2025 को बकाया बिल भेजा गया। बिल भुगतान न होने पर 17 नवंबर को डिमांड नोटिस जारी की गई, जो उन्हें 25 नवंबर को तामील कराया गया। क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक देवीप्रसाद द्वारा कई बार टैक्स जमा करने के लिए व्यक्तिगत रूप से संपर्क किया गया। बकाया न जमा होने पर कुर्की की कार्रवाई के लिए 17 जनवरी को समाचार पत्र में सार्वजनिक नोटिस प्रकाशित कराई गई। बकाया न जमा करने पर चार फरवरी 2026 को कुर्की के लिए नगर निगम की टीम क्षेत्रीय पुलिस बल एवं प्रवर्तन दस्ता के साथ लगभग 1:30 बजे दोपहर नियत स्थल पर पहुंची। दुकान सील करने की कार्रवाई के दौरान फतेहगंज चौकी प्रभारी दो महिला पुलिस कर्मी के साथ मौजूद थे। उन्होंने दुकान के भीतर की जांच भी की थी। इस दौरान बेचन राम के वारिशों में से दो लोगों संतोष कुमार एवं बैजनाथ ने अपना-अपना बकाया 30-30 हजार रुपये जमा करा दिया। उन्हें इसकी रसीद भी दे दी गई, लेकिन तीसरे वारिस रिंकू गुप्ता ने बकाया कर देने से इनकार करते हुए विवाद किया और दुकान सील करने को कहा। नगर आयुक्त ने बताया कि दुकान सील करने की कार्रवाई पूरी तरह से जांचोपरांत की गई। कार्रवाई के दौरान का वीडियो उपलब्ध है, जिसमें युवती को बाहर करते साफ देखा जा सकता है। नगर निगम की टीम के लौटने के छह घंटे बाद षड़यंत के तहत जानबूझकर लड़की के कैद होने का तथ्य संज्ञान में लाया गया। नगर निगम कोतवाली पुलिस को जांच के लिए पत्र लिखा है। सीओ सिटी श्रीयस त्रिपाठी ने बताया कि नगर निगम ने तहरीर दी है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।


नगर निगम की ओर से जारी किए गए वीडियो का स्क्रीन शॉट।

### नगर निगम ने जारी किया 2 मिनट 19 सेकेंड का वीडियो

नगर निगम ने आरोपों को बेबुनियाद बताने के साथ ही एक दो मिनट 19 सेकेंड का वीडियो भी जारी किया है। इस वीडियो में खाकी वर्दी पहने एक महिला पुलिस कर्मी दिख रही है, जो दुकान से एक बुजुर्ग महिला और युवती को बाहर निकलने के लिए कह रही है। वीडियो में प्रवर्तन दल के द्वारा महिला और युवती के निकलने के बाद दुकान का शटर गिराया जा रहा है। इसके बाद एक युवक, बुजुर्ग महिला व युवती से किसी की कहासुनी हो रही है। सामने नगर निगम कर्मी भी दिख रहे हैं। रसीद काटने की भी बातें हो रही हैं।

## तालाब में गिरी बाइक, एक की मौत दूसरा घायल

- परिवारीजनों का आरोप, प्रेम प्रसंग में हत्या कर शव को फेंका गया

रुदौली/पटरंगा, अयोध्या।

**अमृत विचार :** कोतवाली रुदौली के मिर्जापुर मोड़ के पास तालाब से युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान मालिनपुर नगर पंचायत रामसनेहीघाट, जनपद बाराबंकी निवासी सोनू श्रीवास्तव के रूप में हुई है। वहीं तालाब से उसका साथी संतोष विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला। पुलिस के अनुसार बाइक तालाब में गिर गई, जिससे यह दुर्घटना हुई। वहीं, मृतक के परिजनों ने इसे पूर्व नियोजित हत्या करार देते हुए पूरे घटनाक्रम पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

परिजनों के अनुसार बुधवार सुबह गांव के ही निवासी संतोष कुमार विश्वकर्मा सोनू( 23 ) को सुल्तानपुर में काम दिलाने की बात कहकर अपने साथ ले गया था। देर शाम तक सोनू का कोई पता नहीं चला। रात करीब आठ बजे एक व्यक्ति ने परिजनों को मिर्जापुर मोड़ बुलाया और तालाब किनारे सोनू की चप्पल और गमछा दिखाया। पुलिस ने तलाश के बाद तालाब से शव बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए अयोध्या भेजा।

मृतक के पिता गुड्डू श्रीवास्तव ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया कि प्रेम प्रसंग के एक मामले में शक होने पर संतोष विश्वकर्मा और उसके साथियों ने मिलकर उनके पुत्र की हत्या की। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि मिर्जापुर मोड़ पहले भी कई हादसों का गवाह बन चुका है। न चेतावनी बोर्ड, न रिफ्लेक्टर, न स्ट्रीट लाइट और न ही तालाब पर सुरक्षा बैरियर, हर बार हादसा होने के बावजूद विभागीय कार्रवाई स्थायी रूप से नहीं हुई।

कोतवाल संजय मौर्य ने बताया कि घटनास्थल पर बाइक गिरने के स्पष्ट निशान मिले हैं और एक अन्य युवक घायल अवस्था में पाया गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर मौत की वास्तविक वजह सामने आएगी। बताया कि पुलिस घटनास्थल पर अस्थायी रेडियम और रिफ्लेक्टर जनसहयोग से लगवाया है। उपजिलाधिकारी और अधिशासी अधिकारी तथा लोक निर्माण विभाग को पत्र भेजकर स्थायी सुरक्षा उपाय लागू करने की बात भी कही गई है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर कार्रवाई की जाएगी।

## अयोध्या छोड़ गोंडा पहुंची सरयू जलधारा

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** अयोध्या के उत्तर दिशा में बहने वाली सरयू की धारा अब अयोध्या को छोड़ कर गोंडा पहुंच गई है। इससे मठ-मंदिरों में होने वाले पूजन पर भी प्रभाव पड़ा है। अयोध्या मुख्य रूप से तीन किलोमीटर की सरयू धारा से जुड़ी है। ऋतु परिवर्तन होने के साथ लक्ष्मण घाट से लेकर पश्चिम दिशा की ओर पड़ने वाले प्राचीन पाप मोचन घाट व ऋण मोचन घाट के लगभग दो किलोमीटर के क्षेत्र में सरयू की धारा काफी दूर चली गई है। जिसके कारण इस क्षेत्र में स्थित मंदिरों में सरयू की जल से भगवान का अभिषेक व भोग राग के लिए संतों को कई किलोमीटर की दूरी नापनी पड़ रही है।

स्थानीय निवासी अवधेश गुप्ता ने बताया कि सरयू में दक्षिण दिशा में जमीन खाली होने के कारण जल स्तर दूसरे छोर की तरफ यानी गोंडा के क्षेत्र की ओर चला गया है। पाप मोचन घाट स्थित प्राचीन सद्गुरु सेवा सदन मंदिर के व्यवस्थापक संत अनूप लाल बाबा ने बताया कि पापमोचन घाट पर स्नान का बहुत बड़ा महत्व है। आज इस घाट से सरयू की धारा दूर चली गई है। जिसके कारण आसपास स्थित कई मंदिर में होने वाला पूजन अर्चन प्रभावित हुआ है। प्रशासन से व्यवस्था कराये जाने की मांग कर रहे है। जिससे यहां की पवित्रता भी बनी रहे।


सरयू के घाटों से दूर हुआ सरयू का जल। अमृत विचार

**व्यवस्था** | अयोध्या फिर से बना पुलिस उप महानिरीक्षक क्षेत्र, आईपीएस सोमेन वर्मा बने डीआईजी

## अयोध्या जोन के आईजी प्रवीण कुमार बने एडीजी जोन लखनऊ

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** अयोध्या जोन के आईजी प्रवीण कुमार को एडीजी जोन लखनऊ बनाया गया है। उनके स्थानांतरण के बाद अयोध्या को फिर से उप महानिरीक्षक जोन बनाकर यहां पर आईपीएस सोमेन वर्मा की तैनाती की गई है। इससे पहले वह मिर्जापुर जिले के पुलिस अधीक्षक थे।

उत्तर प्रदेश कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी प्रवीण कुमार 2001 बैच के आईपीएस है। 26 जून 1972 को जन्मे प्रवीण कुमार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के निवासी हैं। उनके पिता का नाम शिव कुमार त्रिपाठी है। उन्होंने बीई (ऑनर्स) के साथ-साथ एलएलबी और एलएलएम की डिग्रियां हासिल की हैं। उनकी भर्ती 6 दिसंबर 2003 को हुई। जनवरी 2005 को उन्हें सीनियर स्केल मिला। जनवरी 2015 को डीआईजी, जनवरी 2019 को आईजी और एक जनवरी 2026 को एडीजी पद पर उनकी पदोन्नति हुई। उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें 26 जनवरी 2017 को प्रधानमंत्री सम्मान, 26 जनवरी 2018 को डीजी की सिल्वर कमेंडेशन डिस्क, 15 अगस्त 2018 को सीएमओएस सर्विस पुलिस मेडल, 15 अगस्त 2019 को डीजी की गोल्ड कमेंडेशन डिस्क, 26 जनवरी 2021 को प्लैटिनम कमेंडेशन डिस्क और 15 अगस्त 2024 को उत्कृष्ठ सेवा पदक से उन्हें सम्मानित किया जा चुका है। प्रशासनिक अधिकारी के साथ वह कवि के रूप में भी जाने जाते है। प्रयागराज महाकुंभ के दौरान रामनगरी में भीड़ प्रबंधन में उन्होंने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने अपने इस अनुभव को कविता में व्यक्त किया था, जो खूब सराहा गया।


एडीजी प्रवीण कुमार

### सख्त प्रशासक के रूप में जाने जाते हैं सोमेन बर्मा



नव नियुक्त डीआईजी सोमेन बर्मा 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वर्तमान में वह मिर्जापुर जिले के एसपी थे। पश्चिम बंगाल के मूल निवासी सोमेन बर्मा की प्रारंभिक शिक्षा असम में हुई। उन्होंने एनआईटी असम से बीटेक की डिग्री प्राप्त की है। आईपीएस बनने से पहले वह भारतीय इंजीनियरिंग सेवा के तहत मिनिस्ट्री ऑफ पॉवर में कार्यरत रहे। तकनीकी शिक्षा और प्रशासनिक अनुभव के कारण उन्हें आधुनिक सोच वाले अधिकारी के रूप में जाना जाता है। सुल्तानपुर जिले में तैनाती के दौरान ज्वेलरी शॉप डकैती और मंगेश यादव एनकाउंटर के बाद वह चर्चा में आए व उन्हें एक सख्त प्रशासक की पहचान दिलाई।

## मतदाता बनने के लिए आवेदन का अंतिम दिन आज

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** भारत निर्वाचन आयोग से शुरू किए गए विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान में मतदाता बनने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 6 फरवरी है। अब तक अपेक्षित संख्या में मतदाताओं के आवेदन नहीं आए। मतदाता की संख्या में गिरावट बनी रह सकती है।

आयोग ने 18 साल की आयु पूरी कर चुके युवाओं सहित उन लोगों को जो सूची में शामिल नहीं है, मतदाता बनने के लिए छह जनवरी से छह फरवरी तक का समय दिया था। खास बात यह भी है कि इसमें नौ मैपिंग मतदाता आवेदन नहीं कर सकते हैं क्योंकि आज की तारीख में वह मतदाता है। उनसे मतदाता बने रहने का साक्ष्य मांग जा रहा है। मतदाता बनने के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि छह फरवरी है। अब तक के आंकड़े बहुत संतोषजनक नहीं कहे जा सकते हैं। दो फरवरी को जारी आंकड़ों पर गौर करें तो कुल 33,861 आवेदन आए। इनमें मतदाता बनने के लिए फॉर्म छह जमा करने वालों की संख्या 25,789 थी। इसके अलावा फॉर्म सात भरने वाले की संख्या 566 और फॉर्म आठ जमा करने वालों की संख्या 7506 थी। मतदाता सूची के प्रकाशन के पहले भी 16021 लोगों ने आवेदन किया था। इनमें फॉर्म छह भरने वालों की संख्या 9171 थी। मतलब मतदाता बनने के लिए मात्र लगभग 35 हजार लोगों ने आवेदन किया है। कुल 3458 आवेदन का निस्तारण किया जा चुका है।

## न्यूज ब्रीफ

### जबरन कार की चाबी छीनने का आरोप

**इटियाथोक, अमृत विचार :** सुलह के बहाने बुलाकर कार की चाबी छीन युवक को भगा दिया। घटना की सूचना थाने पर दी गई है। ग्राम बरवलिया कुर्मी कटरा बाजार के हनुमंत वर्मा ने बताया कि रिंकू शुक्ला निवासी बसालतपुर कटरा बाजार ने 4 फरवरी को फोन कर बहलोलपुर बाजार थाना इटियाथोक में एक मोटरसाइकिल दुर्घटना के सुलह समझौते के लिए बुलाया था। वहां पहुंचा तो रिंकू शुक्ला ने गाली गलौज देते हुए आल्टो कार की चाबी निकाल ली। गाड़ी अपने कब्जे में लेकर मौके से भगा दिया। घटना की सूचना थाने पर दी गई है।

### बिजलीकर्मियों ने जबरन काटे पेड़

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** बिजली विभाग के ठेकेदार ने बगैर अनुमति के सागौन के पांच पेड़ काट दिए। मामले की सूचना थाने पर दी गई है। ग्राम बेंदुली की संगीता ने बताया कि बिजली विभाग के ठेकेदार ने खेत में हाई वोल्टेज का विद्युत पोल बगैर मेरी अनुमति के लगा दिया। इसके अलावा ठेकेदार ने सागौन के पांच पेड़ बिना सूचना दिए काट दिए। इस घटना की जानकारी करने पर कुछ भी बताने से मना कर दिया। महिला ने बिजली विभाग के ठेकेदार, अवर अभियंता व उप खंड अधिकारी के खिलाफ थाने पर शिकायत की है।

### जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** छपिया पुलिस ने बलवा व जानलेवा हमले के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस के अनुसार थाना छपिया में पंजीकृत मुकदमा मे वांछित आरोपी छैल बिहारी को बुधवार को गिरफ्तार किया गया। घटना 3 सितंबर 2025 की है। रमाकान्त मिश्रा ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि निर्माण को लेकर विपक्षियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला किया और जान से मारने की धमकी दी।



श्री श्याम मंदिर मे भजन प्रस्तुत करता कलाकार व मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो है ...

**गोंडा, अमृत विचार :** ददुआ बाजार स्थित श्री श्याम मन्दिर बुधवार की रात संकीर्तन का आयोजन किया गया। गणेश वन्दना से भजनों की शुरुआत हुई। श्याम प्रेमी करन पटवा, अंकित लवी, गोकुल शर्मा और पुनीत बंसल ने भजनों की हाजिरी लगाई। स्थानीय भजन गायक पंकज निगम ने गाया कि संदेशा आया है, तू खाटू आयेगा, मन की चिड़िया मेरी मचाती है शोर, मुझे ला दो भजनों वाली वही माला, जिसको जपने से मिलता खाटू वाला, फिर इंदौर से आयें भजन गायक सावन नागदा ने गाया, मेरी आप की कृपा से सब काम हो रहा है। नितेश शर्मा ने गाया, श्याम बाबा श्याम बाबा तेरे पास आया हूं, कब आयेगा मेरा सांवरिया कब आयेगा मेरा सांवरिया।कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो है, आदि भजनों की हाजिरी लगाई। कीर्तन में बहराइच, नानपारा, बलरामपुर मनकापुर, रिसिया, पयागपुर, करनैलगंज आदि कई जगहों से श्याम प्रेमी शामिल हुए। कीर्तन के दौरान श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुरेश भावसिंहका, अनिल मित्तल, विशाल बंसल, गोविंद जालूका, मयंक अग्रवाल, अरिहंत जैन, पुनीत बंसल, नितेश मित्तल, उत्कर्ष सिंघल, विमलेश सिंघल, आलोक भावसिंहका, आशीष भावसिंहका, दिवाकर सोमानी, राम मनोहर अग्रवाल नीलम जैन, सरोज अग्रवाल, पूनम मित्तल, वर्षा अग्रवाल, नीतू गर्ग, प्रीति अग्रवाल,, प्रेमलता सिंघल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## शिव महापुराण करुणा का आधार : कौशिक महाराज



कथा कहते कौशिक जी महाराज।

**गोंडा, अमृत विचार :** डॉ. आरएन पाण्डेय हॉस्पिटल परिसर में आयोजित शिव महापुराण की कथा में कौशिक जी ने शिव तत्व की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि महादेव केवल संहारक नहीं, बल्कि परम कल्याणकारी और करुणा के सागर हैं। शिव कथा केवल सुनने के लिए नहीं, बल्कि जीवन में उतारने के लिए है। उन्होंने इस भ्रांति को भी दूर करते हुए कहा कि शंकर जी पर चढ़े प्रसाद को खाने की मनाही नहीं है बल्कि खाना चाहिए। हजारों यज्ञ करने से जितना पुण्य प्राप्त होता है उतना ही पुण्य भगवान शिव जी को नैवेद्य चढ़ाने से प्राप्त होता है, शिव जी का पूजन करने से व्यक्ति को ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की पिंडी पर चढ़ा हुआ पैसा न लेना चाहिए और न ही उसे पिंडी पर चढ़ाना चाहिए, बल्कि उसे पवित्र पिंड के बगल में चढ़ाने का प्रयास करें। आचार्य ने कहा कि जो बेल की जड़ों में जल चढ़ाते हैं उन्हें सभी तीर्थों का फल मिलता है। कथा के आयोजक डॉ. राजेश पाण्डेय, प्रतिभा पाण्डेय ने भक्तों से कथा में प्रतिदिन शामिल होने का आह्वान किया। इस अवसर पर महेश नारायण तिवारी, एससीपीएम ग्रुप की चेयरपर्सन अलका पाण्डेय, राम नरेश पाण्डेय, धैर्य पाण्डेय, डॉ लक्ष्मीनाथ पाण्डेय, विशाल शुक्ला, दुर्गेश मिश्रा, डॉ सुनील पाठक, चंद्र मोहन मिश्रा, संजय शुक्ला व बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# एडी के औचक निरीक्षण में बीएसए समेत 14 कर्मचारी रहे गैरहाजिर

### तीन दिन में स्पष्टीकरण तलब, वेतन रोकने की चेतावनी, नियंत्रणहीन व्यवस्था पर उठे सवाल

**संवाददाता, गोंडा**

**अमृत विचार :** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय की कार्यप्रणाली गुरुवार को उस समय कठघरे में आ गई, जब सुबह 10:12 बजे एडी बेसिक के औचक निरीक्षण में स्वयं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह व उनके अधीनस्थ 14 कर्मचारी कार्यालय से अनुपस्थित पाए गए। बीएसए की अनुपस्थित रहने के कारण महत्वपूर्ण अभिलेखों का अवलोकन भी नहीं हो सका। एडी बेसिक ने इसे अत्यंत खेदजनक स्थिति बताते हुए बीएसए से तीन दिन के भीतर जवाब मांगा है। इस औचक निरीक्षण से बीएसए व उनके अधीनस्थ कर्मचारियों की लापरवाही खुलकर सामने आ गयी है।

देवीपाटन मंडल के सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) राम सागर पति त्रिपाठी ने बृहस्पतिवार को सुबह 10:12 बजे पंतनगर स्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में बीएसए अमित सिंह गैरहाजिर पाए गए। बीएसए के अलावा वरिष्ठ सहायक अवधेश कुमार शुक्ला, प्रवीण सिंह, राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी, कनिष्ठ सहायक सुधीर कुमार सिंह, जन्मेजय सिंह, रामबरन मौर्य, अनुचर रामदेव तिवारी समेत 14 कर्मचारी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए गए। कनिष्ठ सहायक हनुमान प्रसाद गुप्ता व अनुचर राजकुमार सोनी आकस्मिक अवकाश पर मिले। निरीक्षण के दौरान जिला समन्वयक राजेश कुमार सिंह व विद्याभूषण मिश्रा कार्यालय में उपस्थित रहे। एडी बेसिक ने बताया कि इस लापरवाही ने कार्यालय की आंतरिक अनुशासनहीनता को उजागर कर दिया है। इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारियों का समय से कार्यालय न पहुंचना और अधिकारियों का नियंत्रणहीन रवैया गंभीर प्रशासनिक चिंता का विषय है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में न होने से कार्यों की पारदर्शिता और जवाबदेही पर भी सवाल खड़े हुए हैं। उन्होने बीएसए को निर्देशित किया है कि अनुपस्थित पाए गए सभी कर्मचारियों से कारण सहित स्पष्टीकरण प्राप्त कर तीन दिवस के भीतर स्पष्ट संस्तुति के साथ प्रस्तुत किया जाए। साथ ही यह भी स्पष्ट करने को कहा गया है कि कार्यालय पर नियंत्रण शिथिल क्यों है और अनुशासनहीनता क्यों व्याप्त है। चेतावनी दी गई है कि स्पष्टीकरण संतोषजनक न होने की स्थिति में संबंधित कर्मचारियों का वेतन अवरुद्ध करने की कार्रवाई की जाएगी।



बीएसए कार्यालय में उपस्थित कर्मियों से जानकारी लेते एडी बेसिक राम सागर पति त्रिपाठी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार :** बनगांव में बुधवार देर शाम एक विवाहिता की संदिग्ध दशा में मौत हो गयी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मायके पक्ष को सूचना दे दी गई है।

राहुल की पत्नी महुआ (24) की बुधवार शाम अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजनों के अनुसार महिला को तेज कमजोरी और बेचैनी की शिकायत पर सीएचसी ले जाया गया। सीएचसी में महिला को मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी टीम के साथ सीएचसी पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी में महिला की मौत इलाज के लिए ले जाते समय होने की बात सामने आई है। हालांकि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।पुलिस के अनुसार महिला के मायके पक्ष को सूचना दे दी गई है। उनके आने के बाद बयान दर्ज किए जाएंगे।

## बार चुनाव : 46 उम्मीदवारों ने किया नामांकन

**गोंडा, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव वर्ष 2026 – 27 को लेकर 2 दिन में 46 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। बुधवार को 33 तथा गुरुवार को 13 नामांकन हुए। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र त्रिपाठी ने बताया की 46 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। शनिवार को स प्रत्याशियों के नाम की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इस मौके पर एल्डर कमेटी के सदस्य गंगेश मिश्रा, अनिल देव शुक्ला, सिद्ध देव सिंह, शोएब मुस्तफा उस्मानी, मुख्य चुनाव कमेटी के सदस्य विवेक कुमार सिंह, इंदु प्रकाश तिवारी, अमर कुमार श्रीवास्तव, प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव, साकेत कुमार मिश्रा, महेंद्र मोहन मिश्रा, दुर्गेश कुमार विश्वकर्मा मौजूद रहे।

## अखंड व आशीष ने नेट क्वालीफाई कर बढ़ाया मान



अखंड प्रताप सिंह।



आशीष अवस्थी।

**करनैलगंज, अमृत विचार।** दो युवाओं नेट की परीक्षा में सफलता हासिल कर मान बढ़ाया है। मुंडेरवा निवासी अखंड प्रताप सिंह पुत्र एडवोकेट कृष्ण देव सिंह ने हिंदी से यूजीसी द्वारा आयोजित नेट परीक्षा में 300 में से 206 अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। अखंड ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय माता संगीता सिंह, पिता के.डी. सिंह एवं अपने गुरुजनों को दिया है। वहीं पिपरी निवासी आशीष अवस्थी पुत्र बृजेश अवस्थी ने पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन विषय में दूसरी बार राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) उत्तीर्ण करते हुए 300 में से 212 अंक हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्रों को मिले ब्लेजर



छात्रा को ब्लेजर प्रदान करते एडी बेसिक राम सागर पति त्रिपाठी।

**मुजेहना, गोण्डा, अमृत विचार :** मुजेहना स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय बेसहूपुर के छात्र छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन समिति एवं स्थानीय समुदाय के सहयोग से गुरुवार को ब्लेजर बांटे गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) देवीपाटन मण्डल राम सागर पति त्रिपाठी ने मां सरस्वती के पूजन-अर्चन कर किया। विशिष्ट अतिथि बीईओ मुजेहना डॉ. समय प्रकाश पाठक व मंडलीय सहायक राकेश गुप्ता रहे। छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल को भक्तिमय व उत्साहपूर्ण बना दिया। अतिथियों ने विद्यालय के प्रत्येक छात्र-छात्रा को ब्लेजर वितरित किए। प्रधानाध्यापक बृजेन्द्र कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में शरद कुमार सिंह जिलाध्यक्ष, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, एआरपी शुभम सोनकर, राम संजीवन शुक्ला, अमित कुमार सिंह, जनक राम वर्मा, जुग्गीलाल वर्मा, अजीत कुमार वर्मा, शिव कुमार वर्मा, रवींद्र नाथ गुप्ता, विनोद कुमार यादव, रेवती पांडेय आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 8 की छात्रा अशिमा वर्मा ने किया।

## छात्र से मारपीट के मामले में मुकदमा

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार:** परीक्षा देकर घर लौट रहे छात्र से नशे में मारपीट के मामले में पुलिस ने दो नामजद सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अंबरपुर मुआखाली निवासी अभिषेक वर्मा के अनुसार वह बीते सोमवार को एलबीएस कॉलेज से परीक्षा देकर लौट रहा था। शाम करीब छह बजे अंगनीपुरवा के नंदकिशोर, आनंद कुमार सहित दो अन्य ने जानबूझकर अपनी बाइक उसकी साइकिल से टकरा दी। नशे में गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की गई। बीच-बचाव को पहुंचे उनके चाचा राहुल वर्मा को भी आरोपियों ने पीटकर घायल कर दिया।

# लल्ला भैया के वारिस को लेकर कटरा शहबाजपुर में हंगामा

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** पूर्व विधायक कुंवर अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भैया के वारिस को लेकर गुरुवार को कटरा शहबाजपुर के प्राथमिक विद्यालय में आयोजित खुली बैठक में हंगामा हुआ। स्थिति संभालने के लिए पुलिस के साथ प्रशासनिक अधिकारी डटे रहे। करीब चार घंटे तक चली बैठक में दोनों पक्षों के बीच नोकझोंक होती रही।

एसडीएम नेहा मिश्रा, बीडीओ सुशील कुमार पाण्डेय, एडीओ पंचायत राजेश वर्मा, वीडीओ और कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय के साथ तीन थानों की फोर्स, क्यूआरटी व कोतवाली पुलिस मौजूद रही। बैठक में लल्ला भैया की दूसरी पत्नी स्व. मीनाक्षी सिंह के पुत्र होने का दावा करने वाले कुंवर कमलेन मोहन सिंह और कुंवर अजेन मोहन सिंह ने परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज कराने को आवेदन दिया।फोटो, वीडियो, जन्म प्रमाण पत्र और शैक्षिक अभिलेख समेत तमाम साक्ष्य लगाए। इस पर पहली पत्नी ममता सिंह के बेटों कुंवर वेंकटेश मोहन सिंह, कुंवर शारदेन मोहन सिंह और कुंवरि शैल सिंह ने विरोध करते हुए कहा कि कमलेन और अजेन लल्ला भैया के पुत्र नहीं हैं। ग्रामीणों से पूछताछ की गई। इसमें 49 ग्रामीणों ने लल्ला भैया के दो पुत्रों की जानकारी दी, जबकि 9 ने दूसरी पत्नी के साथ चार बेटों की बात कही। बैठक के दौरान कई बार माहौल बिगड़ा। कुंवरि शैल सिंह का कहना है कि दूसरी पत्नी मीनाक्षी सिंह कभी अपने परिवार के साथ बरगदी कोट नहीं रहीं। वहां केवल ममता सिंह के दो बेटे और तीन बेटियां रहती थीं, जिनमें से एक बेटी की मौत हो चुकी है। कुंवर कमलेन मोहन सिंह ने आरोप लगाया कि ग्रामीणों को धमकाया गया और कई लोगों से पैसे लेकर बयान दिलवाए गए। उन्होंने कहा कि अब फैसला न्यायालय करेगा। एसडीएम नेहा मिश्रा ने बताया कि दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। ग्रामीणों से भी जानकारी ली गई है। अभिलेखों और बयानों के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।



खुली बैठक के दौरान मौजूद एसडीएम करनैलगंज नेहा मिश्रा व अन्य।

### माता-पिता को खोकर अब भटक रहे कमलेन व अजेन

**रमेश पाण्डेय, करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** पूर्व विधायक कुंवर अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भैया की दूसरी पत्नी स्व. मीनाक्षी सिंह के पुत्र कमलेन मोहन और अजेन मोहन की जिंदगी की कहानी मार्मिक है। बचपन में मां का साया उठ गया और कुछ समय बाद पिता की मौत हो गई। अब हालात ऐसे हैं कि दोनों भाई न्याय के लिए भटकने को मजबूर हैं। कमलेन और अजेन का कहना है कि पिता की मौत के बाद तेरहवीं तक वे परिवार के साथ रहे। शोक सभा व अन्य कार्डों में भी उनके नाम दर्ज थे। लेकिन अब उन्हें राजघराने से अलग कर दिया गया है और उनसे उनके अस्तित्व का सबूत मांगा जा रहा है। कहा कि जब पिता जिंदा थे तब हम अपने थे, अब उनके जाने के बाद हमें बेगाना बना दिया गया। हमारे पास फोटो, वीडियो, प्रमाण पत्र सब हैं, फिर भी हमें हक पाने के लिए लड़ना पड़ रहा है।

## लाभार्थियों को चिह्नित कर दिलाया जायेगा लाभ



बैठक में जानकारी देते अपर जिला जज दानिश हसनैन व मौजूद अन्य।

**गोंडा, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला जज दुर्ग नरायन सिंह के निर्देशन में 22 फरवरी को आयोजित होने वाले विधिक सहायता शिविर की तैयारियों को लेकर सिविल कोर्ट के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में बैठक हुई। इसमें मेगा कैंप के नोडल अधिकारी अपर जिला जज दानिश हसनैन ने कहा कि इस मेगा कैंप में शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्राथमिकता के आधार पर लाभार्थियों को चिन्हित कर लिया जाय। सिविल जज सीनियर डिवीजन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव अपेक्षा सिंह ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा पात्रों को लाभ दिलाने के लिए इस मेगा कैंप का व्यापक स्तर प्रचार प्रसार किया जाये। बैठक में अपर जिला अधिकारी आलोक कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी रिंकी जायसवाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संतलाल पटेल, समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह, डीपीआरओ लालजी दूबे, एलडीएम विनोद कुमार तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक रामचंद्र व जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# हादसों में गई दो युवकों की जान

**करनैलगंज, बभनान**

**अमृत विचार :** जिले के दो थाना क्षेत्रों में गुरुवार को हुए सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गयी जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पहली घटना करनैलगंज इलाके की है। जहां मैजापुर चीनी मिल में गन्ना बेचकर लौट रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने मसौलिया-गौरा माझा मार्ग पर बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को गोंडा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। बसेरिया तिवारी पुरवा निवासी नरसिंह और लल्लू बुधवार की देर रात रामगढ़ में एक रिश्तेदार के यहां आयोजित तेरहवीं भोज में शामिल होकर लौट रहे थे। इसी दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को रौंद दिया। नरसिंह ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। नरसिंह अपने पीछे चार बच्चे अजीत (10), आंचल (15), अंशिका (7) और रिया (4) को छोड़ गया है। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वाहन को कब्जे में लेकर कार्रवाई की जा रही है। वहीं छपिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मसकनवा चौरी सिकंदरपुर मार्ग पर फुटहिया बाजार के पास ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान रिंकू चौरसिया (24) पुत्र दुखराम निवासी ग्राम महुलीखोरी के रूप में हुई है। रिंकू किसी काम से बाजार गया था और स्कूटी से घर लौट रहा था, तभी ट्रक ने टक्कर मार दी। बेटे की मौत की सूचना सुनकर पिता दुखराम बेहोश होकर गिर पड़े। रिंकू दो भाइयों और एक बहन में सबसे छोटे थे। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़ मौके से फरार हो गया।

## युवती को भगाने के मामले में केस दर्ज

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार:** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र में युवतियों को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामलों में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। एक गांव निवासी व्यक्ति ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि उसकी 19 वर्षीय बहन को गांव के ही एक युवक ने अपने परिजन के सहयोग से शादी की नीयत से बीते 31 जनवरी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। क्षेत्र के एक अन्य गांव निवासी महिला ने बताया कि उसकी करीब 16 वर्षीय बेटी को गांव के ही युवक ने शादी का झांसा देकर अपने परिजनों की मदद से घर से ले गया।

## ताला तोड़कर मकान पर कब्जा जान से मारने की दी धमकी

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** क्षेत्र में मकान पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि बैनामे की जमीन पर बने कमरों का ताला तोड़कर विपक्षियों ने कब्जा कर लिया और विरोध पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नवाबगंज गिर्द के अगमपुर निवासी लवकुश सिंह ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि उन्होंने गांव में स्थित एक भूमि का बैनामा कराया था। भूमि के एक हिस्से पर बने दो कमरों पर उनका कब्जा था। आरोप है कि सुकुरूल्ला, उसकी पत्नी मेहरूलनिशां तथा बेटे गुरफान ने उसका ताला हटाकर अपने ताले लगाते हुए उन कमरों पर कब्जा कर लिया। बीती 17 जनवरी को उसने मकान खाली करने को कहा, तो विपक्षियों ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि सुकुरूल्ला की बेटी शिफा ने दोबारा मकान खाली कराने आने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

**लापरवाही** | अमृत योजना के नाम पर जल निगम की लापरवाही, नवाबगंज की सड़कें बनीं हादसे का सबब

# फाइलों में 'हर घर जल', सड़कों पर हर दिन मौत का खतरा

**नवाबगंज, अमृत विचार :** एक ओर सरकारी फाइलों में हर घर शुद्ध पेयजल का सपना सजाया जा रहा है, तो दूसरी ओर ज़मीन पर वही योजना लोगों की जान पर भारी पड़ती नजर आ रही है। अमृत योजना के तहत जल निगम द्वारा कराए जा रहे पाइपलाइन कार्य ने सड़कों को हादसों का मैदान बना दिया है। हालात यह हैं कि सड़कें खोद दी गईं, पाइप डाल दिए गए, पर मरम्मत नहीं करायी गयी। सड़कों पर बने गड्ढे हादसे का कारण बन रहे हैं।

पालिका क्षेत्र में बीते करीब छह माह से जल निगम द्वारा पाइपलाइन बिछाने का काम जारी है। सड़क किनारे गड्ढे खोदकर पाइप तो डाल दिए गए, मगर सड़क को जस का तस छोड़ दिया गया। कई जगह मिट्टी धंस चुकी है और बारिश के बाद सड़क पर फैली कीचड़युक्त मिट्टी फिसलन का बड़ा कारण बन रही है। थाने चौराहे से दूधनाथ मंदिर होते हुए झिलिया चौराहे तक का मार्ग जल निगम की कार्यशैली की पोल खोलता नजर आता है। सड़क की मरम्मत नहीं की गई। नतीजतन, दोपहिया वाहन चालक आए दिन फिसलकर गिर रहे हैं। बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी और ठेकेदार आंख मूंदे बैठे हैं। कहरान निवासी बबलू, शुभम, राजा, गौरव यादव और प्रिंस का कहना है कि बिना मरम्मत छोड़ी गई सड़कें हादसे को न्योता दे रही हैं। लोगों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद जल निगम के अधिकारी और ठेकेदार सिर्फ खानापूर्ति कर रहे हैं।



सड़क पर फैला कीचड़ व हुआ जलभराव। ● अमृत विचार

### चेतावनी के बावजूद नहीं सुधरे हालात

गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है। बीते वर्ष कटी तिराहे और बाजपुरवा में जल निगम की लापरवाही सामने आ चुकी है। उस समय पालिका की बोर्ड बैठक में जिम्मेदारों को चेतावनी दी गई थी। पालिका कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित चौपाल के दौरान तत्कालीन डीएम नेहा शर्मा ने भी जल निगम अधिकारियों को फटकार लगाई थी, लेकिन इसके बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं।

> यह कार्य जल निगम के ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है। सड़क दुरुस्त कराने को लेकर कई बार जल निगम और ठेकेदार से कहा गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जब तक कार्य नगर पालिका को हैंडओवर नहीं होता, तब तक पालिका सीधे कोई कार्रवाई नहीं कर सकती।
> – **डॉ. सत्येन्द्र सिंह**, नगर पालिका अध्यक्ष

# कंबल वितरण पुनीत कार्य : रमापति

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** नवाबगंज गिर्द के बलई पुरवा में प्रशासन की ओर से कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री रहे। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री एवं विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह के प्रतिनिधि कमलेश पांडे ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। विशिष्ट अतिथि एसडीएम तरबगंज विश्वामित्र सिंह, भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष जनार्दन प्रसाद तिवारी, भाजपा जिला महामंत्री राकेश तिवारी, सूर्यलाल दुबे, विधायक प्रतिनिधि वेदप्रकाश दूबे तथा नायब तहसीलदार जयशंकर सिंह मौजूद रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान डॉ. संजय दूबे द्वारा मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों को बुके भेंट कर किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि ठंड के मौसम में कंबल वितरण पुनीत कार्य है। केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि कमलेश पांडे ने कहा कि डबल इंजन सरकार वंचित वर्ग के हित में निरंतर कार्य कर रही है। एसडीएम तरबगंज विश्वामित्र सिंह ने किसानों को एसआईआर और फार्मर रजिस्ट्रेशन के प्रति जागरूक किया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने लोगों को सड़क सुरक्षा और साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में राजस्व निरीक्षक परशुराम मिश्रा, ग्राम विकास अधिकारी पप्पू सिंह यादव, सभासद आशीष सिंह, राजेश तिवारी, दीपू तिवारी, मनोज साहू, बाबी सिंह चौहान, रवी श्रीवास्तव, अवधेश मिश्रा, इलियास प्रधान आदि थे।



कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान मौजूद पूर्व मंत्री व विधायक रमापति शास्त्री व अन्य।

# एसआईआर मतदाता सूची पर घमासान, वोट कटवाने का आरोप

## समाजवादी पार्टी ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, निष्पक्ष जांच व एफआईआर की मांग

बलरामपुर, उतरौला

**अमृत विचार :** जनपद में एसआईआर मतदाता सूची को लेकर सियासी माहौल गरमा गया है। बुधवार को समाजवादी पार्टी ने सत्ता पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। सपा का आरोप है कि जनपद में सत्ता पक्ष से जुड़े लोग बीएलओ पर दबाव बनाकर पीडीए वर्ग और मुस्लिम समाज के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से कटवाने का प्रयास कर रहे हैं।

पार्टी नेताओं का कहना है कि 291 विधानसभा तुलसीपुर के बूथ संख्या 16 में तैनात बीएलओ रमेश कुमार शुक्ला (शिक्षामित्र) से दबाव बनाकर करीब 100 फार्म-7 पर जबरन हस्ताक्षर कराए गए। इस संबंध में संबंधित बीएलओ द्वारा एसडीएम तुलसीपुर को लिखित पत्र देकर जानकारी दी गई है। इसी प्रकरण को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं जनपद प्रभारी मसूद आलम ख़ान के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने डीएम विपिन कुमार जैन से मुलाकात की। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि तुलसीपुर प्रकरण में तत्काल मुकदमा दर्ज कराया जाए, पूरे जनपद में एसआईआर की प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और दबावमुक्त ढंग से कराई जाए तथा किसी भी वर्ग विशेष के मतदाताओं के साथ भेदभाव न हो। समाजवादी पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि एसआईआर प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती गई और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो पार्टी आंदोलन को बाध्य होगी। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से मसूद आलम ख़ान, जिलाध्यक्ष डॉ. माणिक लाल कश्यप, सपा विधायक राकेश कुमार यादव, रामसागर अकेला, जगराम पासवान, ओंकार पटेल, डा. भानु त्रिपाठी, सफीउल्लाह ख़ान और विजय कुमार मौर्य में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



डीएम को ज्ञापन सौंपते हुए सपा पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### आरोप : मतदाता सूची में मृतकों के नाम

**बलरामपुर, अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए तैयार की गई मतदाता सूची में खामियां सामने आई हैं। तुलसीपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत बदलपुर में बीएलओ की लापरवाही से सात मृत मतदाताओं के नाम अब तक सूची से नहीं हटाए गए हैं, जबकि 14 से अधिक मतदाताओं के नाम दो बार दर्ज हैं। इस स्थिति से ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि मतदाता सूची में मृतकों के नाम बने रहने और एक ही व्यक्ति का नाम कई बार दर्ज होने से चुनाव प्रभावित हो सकता है। इसके साथ ही कई मतदाताओं के नाम गलत पते और दूसरे के घर पर दर्ज किए जाने की भी शिकायत सामने आई है। ग्रामीणों ने डीएम से जांच कराकर उसे सही कराने की मांग की है। वहीं एसडीएम तुलसीपुर राकेश कुमार जयंत ने बताया कि जांच कराई जा रही है और मतदाता सूची दुरुस्त कराई जाएगी।

# नेशनल हॉकी में चमका बलरामपुर का लाल

संवाददाता, बलरामपुर

**उपलब्धि**

● प्रज्ज्वल गुप्ता ने अपने प्रदर्शन से यूपी को दिलाया कांस्य पदक

**अमृत विचार :** मॉडर्न इंटर कॉलेज बलरामपुर के कक्षा 11 के छात्र प्रज्ज्वल गुप्ता ने 69वीं राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर जनपद का नाम रोशन किया है। झारखंड की राजधानी रांची में 25 से 31 जनवरी तक आयोजित अंडर-17 नेशनल हॉकी प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश टीम की ओर से खेलते हुए प्रज्ज्वल ने टीम को देश में तीसरा स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित जनपद, मंडल व प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्रज्ज्वल का चयन उत्तर प्रदेश टीम में हुआ था। जिला क्रीड़ा सचिव मो. सुहेल ने बताया कि प्रज्ज्वल जिले का बेहद होनहार खिलाड़ी है और उत्तर प्रदेश टीम ने इस बार कांस्य पदक हासिल किया है। इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा खिलाड़ियों को शीघ्र ही 15-15 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। प्रज्ज्वल की सफलता पर जिला विद्यालय निरीक्षक, विद्यालय प्रशासन, खेल प्रशिक्षकों व शिक्षकों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



सम्मान प्राप्त करते प्रज्ज्वल।

### महाकुंभ में उत्कृष्ट सेवा को 10 पुलिसकर्मी सम्मानित



महाकुंभ सेवा मेडल से सम्मानित किए गए पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** महाकुंभ मेला प्रयागराज 2025 में सफलतापूर्वक ड्यूटी संपादित करने वाले जनपद बलरामपुर के पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया। महाकुंभ मेला 2025 के समापन समारोह के दौरान मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा की गई घोषणा के क्रम में, गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय द्वारा 10 पुलिस कर्मियों को महाकुंभ सेवा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। सम्मानित किए गए पुलिस कर्मियों में 5 उपनिरीक्षक एवं 5 आरक्षी शामिल रहे, जिन्होंने महाकुंभ जैसे विशाल एवं चुनौतीपूर्ण आयोजन में अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ अपनी सेवाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिसकर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों में पुलिस बल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है और बलरामपुर के जवानों ने अपने आचरण व कार्यशैली से जनपद का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मधु ने नेट क्वालीफाई कर बढ़ाया जिले का मान

**बलरामपुर, अमृत विचार :** एमएलके पीजी कॉलेज की छात्रा मधु उपाध्याय ने शिक्षाशास्त्र विषय में यूजीसी नेट परीक्षा क्वालीफाई कर महाविद्यालय सहित जिले का नाम रोशन किया है। मधु जनपद सिद्धार्थनगर निवासी सुरेश कुमार उपाध्याय एवं गीता देवी की पुत्री हैं। उन्होंने माध्यमिक शिक्षा के बाद वर्ष 2020 में एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर में प्रवेश लिया। वर्ष 2023 में स्नातक तथा 2025 में शिक्षाशास्त्र विषय से परास्नातक की डिग्री प्राप्त की। शिक्षकों के मार्गदर्शन में निरंतर अध्ययन का परिणाम रहा कि मधु ने दिसंबर 2025 में आयोजित यूजीसी नेट परीक्षा में सफलता हासिल की। उनकी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य, विभागाध्यक्ष एवं शिक्षकों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



मधु उपाध्याय।

### शबे बरात पर शिक्षा का संदेश, अल खैर इंस्टीट्यूट ने अकीदतमंदों को किया जागरूक



सम्मान पाकर खुशी जताते मेधावी। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** शबे बरात की रात निम्कोनी मोहल्ले की कादरी मस्जिद में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अल खैर इंस्टीट्यूट के सदर मोहम्मद रज़ा हनफ़ी ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए अकीदतमंदों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जिसके जरिए व्यक्ति अपने परिवार और समाज से बुराइयों को दूर कर सकता है और तरक्की की राह पर आगे बढ़कर अपने देश का नाम रोशन कर सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी परिस्थिति में अपने बच्चों—चाहे बेटा हो या बेटी—को शिक्षित जरूर बनाएं। मोहम्मद रज़ा हनफ़ी ने कहा कि उच्च शिक्षा बच्चों को सही और गलत की पहचान करने की क्षमता देती है तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाती है, जिससे वे समाज को बेहतर दिशा देने में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों से दूर रहने और सकारात्मक सोच अपनाने की भी अपील की। अंत में मस्जिद परिसर में अल खैर इंस्टीट्यूट की ओर से 50 प्रश्नों की इस्लामिक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हाफिज दिलशाद रज़ा ने प्रथम, मोहम्मद सलमान ने द्वितीय और मोहम्मद अकरम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य प्रतिभागियों को भी प्रमाण पत्र व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

# बैनामा के बाद थाने का डर दिखाकर 17 लाख की उगाही

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** पंचायत की कुर्सी और खाकी के कथित गठजोड़ से जमीन सौदे के बाद जबरन वसूली का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि बैनामा होने के बाद ग्राम प्रधान ने पुलिसिया दबाव का हवाला देकर पीड़ित पक्ष से लाखों रुपये ऐंठ लिए। थाने से राहत न मिलने पर पीड़ित को न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। कोर्ट के आदेश पर कनकपुर गांव के ग्राम प्रधान राघवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ विपिन सिंह और अज्ञात पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

बस्ती के परशुरामपुर क्षेत्र के हैदराबाद निवासी अकरामउल्ला के अनुसार, नवाबगंज के सरायहर्रा स्थित उनके परिवार की जमीन का सौदा कनकपुर के प्रधान से 35 लाख में तय हुआ था। सौदे के समय 10 लाख बयाने के रूप में दिए गए। इसके बाद 5 लाख 4 हजार रुपये बैंक के माध्यम से ट्रांसफर किए गए। जून 2024 में परिवार की महिलाओं शरीफुलनिशा और नाजिया ने अपने हिस्से की जमीन का बैनामा प्रधान के नाम कर दिया, जबकि शेष 20 लाख हैदराबाद निवासी अजीज अहमद के खाते में जमा कराए गए। अगस्त 2024 में परिवार के अन्य सदस्यों अहमद उल्ला और एहसान उल्ला ने भी अपने हिस्से की रजिस्ट्री कर दी। आरोप है कि स्टांप शुल्क बचाने के लिए रजिस्ट्री में जमीन का मूल्य कम दर्शाया गया। इसके कुछ समय बाद अक्टूबर 2024 में प्रधान ने पुलिस से सांठगांठ कर अजीज अहमद को थाने बुलवाया और 20 लाख वापस करने का दबाव बनाया। रकम न देने पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की धमकी दी गई और पूरी रात थाने में बैठाकर उत्पीड़न किया गया।पीड़ित का कहना है कि ढाई लाख नकद और पांच लाख का चेक लिया गया। एक सप्ताह में 17 लाख की कथित वसूली कर ली गई।थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# खेल से विकसित होती है टीम भावना

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचार :** मेरा युवा भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित जनपद स्तरीय दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हुआ।

नेहरू स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विकास खण्डों से आए खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि जिला युवा कल्याण अधिकारी राजितराम कन्नौजिया एवं विशिष्ट अतिथि राज्य प्रशिक्षक डॉ. रजनी कान्त तिवारी रहे। अध्यक्षता जिला क्रीड़ा अधिकारी अशोक सोनकर ने की।

मुख्य अतिथि राजितराम कन्नौजिया ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन निर्माण की प्रक्रिया है। खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है, इसलिए युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने मेरा युवा भारत जैसे मंचों द्वारा ग्रामीण व शहरी युवाओं को समान अवसर उपलब्ध कराने की सराहना की। विशिष्ट अतिथि डॉ. रजनी कान्त तिवारी ने कहा कि यदि आज का युवा खेल को अपने जीवन का अभिन्न अंग बना ले, तो वह नशा, तनाव और नकारात्मक प्रवृत्तियों से स्वतः दूर रह सकता है। खेल न केवल शारीरिक क्षमता बढ़ाता है, बल्कि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कॅरियर के अवसर भी प्रदान करता है। उन्होंने खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास और अनुशासन अपनाने का संदेश दिया। जिला क्रीड़ा अधिकारी अशोक सोनकर ने कहा कि जनपद में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। प्रतियोगिता के अंतर्गत वॉलीबॉल बालक वर्ग में झंझरी की टीम विजेता तथा परसपुर उपविजेता रही। स्लो-साइकिलिंग बालिका वर्ग, कबड्डी बालिका वर्ग, 400 मीटर दौड़ (बालक व बालिका), बैडमिंटन बालिका वर्ग तथा कुश्ती बालक वर्ग में विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों व टीमों को टी-शर्ट, शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कुश्ती में गोलू, विजय मिश्रा, शशि एवं पदमिनी ने रेफरी की भूमिका निभाई। समापन अवसर पर संचालक विनय श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



प्रमाण पत्र के साथ विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

● दो दिवसीय जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

# 79 हजार युवाओं ने कराया पंजीकरण

**एसआईआर**

● 46 सौ से अधिक विलोपन ,19 हजार से अधिक आए संशोधन के आवेदन

**गोंडा, अमृत विचार :** जिले में मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान के तहत लोकतंत्र के प्रति लोगों की बढ़ती जागरूकता देखने को मिली है। इस अभियान के दौरान जिले भर से कुल 1,02,985 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें सबसे बड़ी संख्या नए मतदाताओं के पंजीकरण से जुड़ी है। बताया जाता हैं कि करीब 79 हजार से अधिक युवाओं और नए पात्र लोगों ने पहली बार मतदाता बनने के लिए आवेदन किया है।

इससे अब नए मतदाताओं की संख्या बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। निर्वाचन विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, फॉर्म- छह के अंतर्गत करीब 79,338 आवेदन प्राप्त हुए हैं। फॉर्म-छह का उपयोग नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए किया जाता है। वहीं, फॉर्म-सात के अंतर्गत 4,609 आवेदन मिले हैं। यह फॉर्म मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए भरा जाता है, जिसका उपयोग मृत्यु, स्थानांतरण अथवा दोहरे पंजीकरण की स्थिति में किया जाता है। इन आवेदनों से मतदाता सूची को अधिक शुद्ध और अद्यतन बनाने में सहायता मिलेगी। इसके अतिरिक्त, फॉर्म-आठ के माध्यम से 19,025 आवेदन प्राप्त किए गए हैं। फॉर्म-आठ का प्रयोग मतदाता विवरण में सुधार, जैसे नाम, पता, जन्मतिथि या फोटो में संशोधन के लिए किया जाता है। यह दर्शाता है कि मतदाता अपनी जानकारी को सही रखने के प्रति सजग हैं।

जिला निर्वाचन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सभी प्राप्त आवेदनों की गहन जांच की जा रही है। निर्धारित प्रक्रिया के तहत सत्यापन के बाद ही मतदाता सूची में आवश्यक संशोधन किए जाएंगे। जिले में एस आई आर प्रक्रिया में नए मतदाताओं के आवेदन बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। इससे इस बार नए मतदाताओं के रूप में युवाओं की भागीदारी भी बढ़ सकती है।

विभागीय आंकड़ों के अनुसार अभी तक 79 हजार से अधिक नए मतदाताओं ने आवेदन किया है। अपर जिला अधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि जिले में एसआईआर प्रक्रिया में नए मतदाताओं के आवेदन तेजी से बढ़े हैं। वही,प्रत्येक मतदान स्थल पर बीएलओ प्रतिदिन दो घंटे नए मतदाता जोड़ने, संशोधन और दावे-आपत्तियों से जुड़े कार्य कर रहे हैं।

# गेहूं खरीद की तैयारियां जोरों पर

● 2585 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी खरीद

**गोंडा, अमृत विचार :** जनपद में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं खरीद की तैयारियां जोरों पर हैं। किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर मार्च माह से गेहूं खरीद की तैयारी की जा रही है। इसके लिए जिला प्रशासन ने अभी से तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।

प्रशासन की ओर से जिले में गेहूं क्रय केंद्रों के संचालन के लिए छह संस्थाओं से प्रस्ताव मांगे गए हैं। इनमें भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई), खाद्य एवं रसद विभाग, मंडी समिति, प्रादेशिक सहकारी संघ (पीसीएफ), प्रादेशिक उपभोक्ता सहकारी संघ (पीसीयू) तथा उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी संघ (यूपीएसएस) शामिल हैं। प्रस्तावों के परीक्षण के बाद जल्द ही क्रय केंद्रों की संख्या और उनके स्थान तय कर दिए जाएंगे। जिला प्रशासन ने गेहूं खरीद को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए एडीएम को नोडल अधिकारी नामित किया है। नोडल अधिकारी संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित करेंगे। साथ ही खरीद केंद्रों पर तौल, भुगतान और भंडारण की समुचित व्यवस्था की जाएगी। मूल्य समर्थन योजना के तहत रबी विपणन वर्ष 2026-27 में किसानों से गेहूं 2585 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जाएगा। प्रशासन का दावा है कि किसानों को सीधे उनके बैंक खातों में भुगतान किया जाएगा। इसके लिए किसानों को पंजीकरण कराने की सलाह दी गई है। जिला प्रशासन का कहना है कि सभी क्रय केंद्रों पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। खरीद प्रक्रिया शुरू होने से पहले केंद्रों पर कर्मियों की तैनाती, बारदाना उपलब्धता और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जाएगा। खरीद से जुड़ी एजेंसियों को केंद्र प्रस्तावित करने को कहा गया है तथा उन स्थानों के चयन पर जोर देने को कहा गया है जहां पर वाहन सुगमता के साथ पहुंच सके। जिला खाद्य विपणन अधिकारी एनके पाठक ने बताया कि गेहूं खरीद को लेकर तैयारियां जोरों पर है। संभवत खरीद मार्च महीने से शुरू होगी। गेहूं क्रय केंद्र खोलने को लेकर 6 एजेंसियों से प्रस्ताव मांगे गए हैं। प्रस्ताव मिलने के बाद जिला प्रशासन को अनुमोदन के लिए सूची भेजी जाएगी ।उन्होंने बताया कि गेहूं खरीद के नोडल अधिकारी अपर जिलाधिकारी है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि मूल्य समर्थन योजना के तहत इस बार 2585 रुपए प्रति क्विंटल की भाव से किसानों से गेहूं खरीदा जाएगा।

**लापरवाही** | दूषित पानी पीने को मजबूर बच्चे, शिक्षकों के लिए मिनरल वाटर, ग्रामीणों में फूटा आक्रोश

# प्राथमिक विद्यालय माधव महुवा में सुविधाओं का अभाव

उतरौला, बलरामपुर

**अमृत विचार :** ब्लॉक उतरौला के अंतर्गत ग्राम माधव महुवा स्थित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा विभाग की व्यवस्थाओं की पोल खुलकर सामने आ गई है। विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं का ऐसा अभाव है कि यहां पढ़ने वाले बच्चों की सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा है।

विद्यालय में शौचालय का निर्माण तो कराया गया है, लेकिन उसमें पानी की सप्लाई नहीं की गई। वहीं परिसर में स्थापित आरओ मशीन में न तो पानी का कनेक्शन है और न ही बिजली, जिससे वह शोपीस बनकर रह गई है। मजबूरी में बच्चे हैंडपंप से निकलने वाला बालूयुक्त और गंदा पानी पीने को विवश हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय के शिक्षक और कर्मचारी अपने लिए मिनरल वाटर की बोतलें रखते हैं, जबकि बच्चों को दूषित पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। यह स्थिति न केवल अमानवीय है, बल्कि सरकारी नियमों का भी खुला उल्लंघन है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि विद्यालय की साफ-सफाई के लिए एक कर्मचारी की तैनाती कागजों में दर्शाई गई है, जिसका नियमित वेतन निकल रहा है, लेकिन वह कर्मचारी आज तक विद्यालय में दिखाई नहीं दिया। इससे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका गहराती जा रही है। करीब 15 दिन पूर्व सचिव को समस्या से अवगत कराया गया था, लेकिन बजट नहीं है कहकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया गया। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और उनके प्रतिनिधि पर गांव की समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी है कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन को मजबूर होंगे।



विद्यालय में दूषित जल का सेवन करते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार



बच्चों को कृमि दिवस के बारे में जागरूक करते शिक्षक व अन्य। ● अमृत विचार

### सेंट जेवियर्स में बच्चों को किया गया जागरूक

**बलरामपुर अमृत विचार :** सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के दृष्टिगत विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य 10 फरवरी को मनाए जाने वाले नेशनल डी–वॉर्मिंग डे के प्रति बच्चों को जागरूक करना रहा। जिला चिकित्सालय से सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मीनाक्षी, अखिलेश श्रीवास्तव एवं सितांशु ने तहत छात्रों को स्वास्थ्य के प्रति सजग किया। एनसीसी कैडेट्स द्वारा अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। प्राचार्य आसिम रूमी ने स्वागत किया। डॉ. मीनाक्षी ने कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य पहल है, जिसके अंतर्गत वर्ष में दो बार 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल दवा दी जाती है। प्राचार्य आसिम रूमी ने कहा कि जो फिट, वही हिट और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास संभव है। वरिष्ठ समन्वयक राजेश जायसवाल ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।


**श्री रघुकुल महिला विद्यापीठ**
सिविल लाइन्स–गोण्डा (उ0प्र0)
9415458212, 9838989000, 9648469000, 9984223300

**आवश्यकता**

महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक कला संकाय के अन्तर्गत बी0ए0 पाठ्यक्रम में भूगोल एवं अर्थशास्त्र विषयों में एवं परास्नातक कला संकाय के अन्तर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम में गृह विज्ञान एवं हिन्दी विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित है:–
**अर्हता–** सहायक आचार्य पद हेतु द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण स्नातक उपाधि एवं सम्बन्धित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको सहित उत्तीर्ण स्नातकोत्तर उपाधि तथा यू0जी0सी0 रेगुलेशन–2016 प्रमाण–पत्र सहित पी–एच0डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाण पत्र।
**वेतन–** यू0जी0सी0/उत्तर प्रदेश शासन/मॉ. पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोट–** यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
उपर्युक्त विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु इच्छुक योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन–पत्र पर नवीन फोटोग्राफ चस्पा कर अपने शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधियों एवं अनुभवों की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन करें।
**प्रबन्धक**

**विपिन बिहारी शरण सिंह महाविद्यालय**
तरबगंज–गोण्डा (उ0प्र0)
9415458212, 9838989000, 9648469000, 9984223300

**आवश्यकता**

महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत परास्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम में भूगोल एवं गृह विज्ञान विषयों में तथा परास्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अन्तर्गत एम0एस–सी0 पाठ्यक्रम में वनस्पति विज्ञान एवं जन्तु विज्ञान विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित है:–
**अर्हता–** सहायक आचार्य पद हेतु द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण स्नातक उपाधि एवं सम्बन्धित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको सहित उत्तीर्ण स्नातकोत्तर उपाधि तथा यू0जी0सी0 रेगुलेशन–2016 प्रमाण–पत्र सहित पी–एच0डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाण पत्र।
**वेतन–** यू0जी0सी0/उत्तर प्रदेश शासन/मॉ. पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोट–** यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
उपर्युक्त विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु इच्छुक योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन–पत्र पर नवीन फोटोग्राफ चस्पा कर अपने शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधियों एवं अनुभवों की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन करें।
**प्रबन्धक**

**शीतलगंज प्रताप महाविद्यालय**
शीतलगंज ग्रन्ट, मसकनवा–गोण्डा (उ0प्र0)
9415458212, 9838989000, 9648469000, 9984223300

**आवश्यकता**

महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत परास्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम में भूगोल एवं गृह विज्ञान विषयों में तथा परास्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अन्तर्गत एम0एस–सी0 पाठ्यक्रम में वनस्पति विज्ञान एवं जन्तु विज्ञान विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित है:–
**अर्हता–** सहायक आचार्य पद हेतु द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण स्नातक उपाधि एवं सम्बन्धित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको सहित उत्तीर्ण स्नातकोत्तर उपाधि तथा यू0जी0सी0 रेगुलेशन–2016 प्रमाण–पत्र सहित पी–एच0डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाण पत्र।
**वेतन–** यू0जी0सी0/उत्तर प्रदेश शासन/मॉ. पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोट–** यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
उपर्युक्त विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु इच्छुक योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन–पत्र पर नवीन फोटोग्राफ चस्पा कर अपने शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधियों एवं अनुभवों की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन करें।
**प्रबन्धक**

**शशिभूषण शरण सिंह महाविद्यालय**
उज्जैनीकलॉ–गोण्डा (उ0प्र0)
9415458212, 9838989000, 9648469000, 9984223300

**आवश्यकता**

महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत परास्नातक कला संकाय के अन्तर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम में भूगोल एवं गृह विज्ञान विषयों में एवं परास्नातक विज्ञान संकाय के अन्तर्गत एम0एस–सी0 पाठ्यक्रम में जन्तु विज्ञान विषय में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित है:–
**अर्हता–** सहायक आचार्य पद हेतु द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण स्नातक उपाधि एवं सम्बन्धित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको सहित उत्तीर्ण स्नातकोत्तर उपाधि तथा यू0जी0सी0 रेगुलेशन–2016 प्रमाण–पत्र सहित पी–एच0डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाण पत्र।
**वेतन–** यू0जी0सी0/उत्तर प्रदेश शासन/मॉ. पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोट–** यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
उपर्युक्त विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु इच्छुक योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन–पत्र पर नवीन फोटोग्राफ चस्पा कर अपने शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधियों एवं अनुभवों की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन करें।
**प्रबन्धक**

# शिथिलता पर 216 सीएससी संचालकों को नोटिस

## कार्रवाई: एडीएम अमरेन्द्र कुमार वर्मा बोले-कार्य को लेकर किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** शासन की महत्वपूर्ण योजना एग्रीस्टैक के तहत जिले सभी भूमिधर कृषकों की फार्मर आईडी बनानी है। ऐसे किसान जिनकी फार्मर आईडी नहीं बनी है, उनके लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए डीएम अश्विनी कुमार पांडेय ने सभी जनसेवा केन्द्रों को प्रतिदिन न्यूनतम 10 फार्मर आईडी आवेदन का लक्ष्य दिया है। लक्ष्य के अनुरूप कार्य में प्रगति न होने पर 216 सीएससी संचालकों को नोटिस जारी की गई है।

इस संबंध में एडीएम अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री कराने के सम्बन्ध में सभी जनसेवा केन्द्रों को निर्देशित किया गया है। इस कार्य के लिए सीएससी ई-गवर्नेन्स सर्विसेज इण्डिया लिमिटेड द्वारा ई-मेल के माध्यम से एक से 23 जनवरी तक कुल 267 सीएससी केन्द्रवार प्रगति सूचना उपलब्ध कराई गई है। इसके अनुसार जिले के 216 केन्द्रों द्वारा एक से 23 जनवरी तक की अवधि में पांच से कम पंजीकरण किया गया है, जिससे यह प्रतीत होता है कि सम्बन्धित केन्द्रों द्वारा इस कार्य रुचि नहीं ली जा रही है। इससे योजना में जिले की स्थिति प्रदेश स्तर पर प्रभावित हो रही है। ऐसे में यह स्थिति अत्यन्त खेदजनक तथा शासकीय निर्देशों की अवहेलना का परिचायक है। ऐसे में 216 जनसेवा केन्द्रों, जिनके द्वारा निर्धारित अवधि में फार्मर आईडी के लिए पांच से कम पंजीकरण किया गया है, उनको कार्य में सुधार के लिए नोटिस जारी करते हुए निर्देशित किया गया है कि सात दिन में विशेष ध्यान देकर ऐसे कृषक जिनकी फार्मर आईडी नहीं बनी है, सभी की फार्मर आईडी बनाने के लिए आवेदन पूर्ण कराते हुए कार्य में प्रगति सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। ऐसे केन्द्र का आवंटन निरस्त करने के लिए नियमानुसार विचार किया जाएगा।

### आगामी त्योहारों को लेकर गाइडलाइन का पालन करने के दिए कड़े निर्देश

**रुपईडीहा (बहराइच), अमृत विचार।** आगामी त्योहारों के मद्देनजर थाना रुपईडीहा परिसर में समस्त डीजे संचालकों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई और उन्हें अनिवार्य रूप से पालन करने का निर्देश दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत ने बताया कि आगामी बोर्ड परीक्षा एवं अन्य परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार रात्रि 10 :00 बजे से सुबह 6 :00 बजे तक डीजे संचालन पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। इसके अतिरिक्त अन्य समय में भी निर्धारित ध्वनि स्तर (डेसिबल) के अनुसार ही डीजे का प्रयोग किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि किसी भी डीजे संचालक द्वारा निर्धारित नियमों का उल्लंघन किया गया, तो संबंधित के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा। पुलिस प्रशासन ने सभी डीजे संचालकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने और परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए नियमों का पालन करना आवश्यक है।




थाना प्रांगण में डीजे संचालकों के साथ बैठक करते थानाध्यक्ष।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रदीप ने यूजीसी नेट में हासिल की 21वीं रैंक

**कैसरगंज( बहराइच)।** कैसरगंज तहसील अंतर्गत ग्राम फिरोजशाहपुर कटका मरौठा निवासी प्रदीप कुमार वर्मा ने राष्ट्रीय स्तर की यूजीसी नेट- जेआरएफ परीक्षा में 99 .94 परसेंटाइल के साथ ऑल इंडिया रैंक 21 प्राप्त कर अपनी सफलता का परचम लहराया है। प्रदीप की प्रारंभिक शिक्षा हुकुम सिंह इंटर कॉलेज से हुई है। इसके पश्चात उन्होंने शहर के प्रतिष्ठित किसान पीजी कॉलेज से अपना स्नातक किया। प्रदीप ने यह साबित कर दिया है कि यदि इरादे मजबूत हों, तो ग्रामीण परिवेश की चुनौतियाँ भी सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकतीं। इस रैंक के साथ उन्होंने जूनियर रिसर्च फेलोशिप के लिए भी पात्रता हासिल की है, जिसके तहत अब उन्हें उच्च स्तरीय शोध कार्य (पीएचडी) के लिए सरकार द्वारा फेलोशिप प्रदान की जाएगी। प्रदीप ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने पिता परशुराम वर्मा को दिया है। पेशे से एक किसान और राजमिस्त्री होने के बावजूद परशुराम वर्मा ने हमेशा अपने बच्चों की पढ़ाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।



प्रदीप कुमार वर्मा।

### कल श्रावस्ती आएंगे प्रभारी मंत्री

**श्रावस्ती :** प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग व जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल एक दिवसीय भ्रमण पर शनिवार को दोपहर दो बजे कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे। यहां प्रभारी मंत्री केंद्रीय बजट की उपलब्धियों के सम्बन्ध में प्रेसवार्ता करेंगे। इसके बाद वापस लखनऊ जाएंगे। यह जानकारी एसडीएम प्रवीण यादव ने दी है।

### वृद्ध से उचक्कों ने 50 हजार रुपये उड़ाए

**जमुनहा (श्रावस्ती) :** बैंक से रुपये निकालने आए एक वृद्ध से बुधवार उचक्कों ने 50 हजार रुपये उड़ा लिए। पीड़ित ने पुलिस को मामले की सूचना दी। जानकारी के बाद एएसपी मुकेश चंद्र उत्तम व इकौना सीओ भरत पासवान ने थानाध्यक्ष के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। सोनवा थाना क्षेत्र के उमरिया गांव निवासी बैजनाथ पांडेय लकवा से पीड़ित हैं। बुधवार को वह दवा कराने के लिए अपने बेटे सुनील कुमार पांडेय व पौत्र विवेक पांडेय के साथ लक्ष्मननगर स्थित इंडियन बैंक शाखा से रुपये निकालने गए थे। जहां उन्होंने बैंक से 60 हजार रुपये निकाले। बैंक से उन्हें 50 हजार की एक व 10 हजार की एक समेत दो रुपये की गड्डी दी गई। उन्होंने सारे रुपये पौत्र विवेक पांडेय को रखने के लिए दे दिया। विवेक दोनों रुपये की गड्डियों को दो अलग-अलग जेब में रखकर पासबुक पर एमाउंट दर्ज कराने के लिए काउंटर पर खड़ा था। इस दौरान किसी उच्चक्का एक जेब में रखा 50 हजार रुपये की गड्डी निकाल कर फरार हो गया।

### 13 को निकलेगी कांग्रेस की पदयात्रा

**श्रावस्ती :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर मनरेगा बचाओ अभियान के तहत 13 फरवरी को कांग्रेस पार्टी की ओर से भिनगा विधानसभा क्षेत्र में सुबह 10 बजे से पदयात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान भुजंगा, खेलगांव चौराहा, भयापुरवा, आजम बेग पुरवा, मंगलभट्ठा, अस्पताल चौराहा, छावनी चौराहा व ईदगाह तिराहे पर नुक्कड़ सभा करेगी। जिलाध्यक्ष विद्यामणि त्रिपाठी ने बताया कि पदयात्रा व नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से मनरेगा योजना को कमजोर किए जाने के खिलाफ जनजागरूकता फैलाने तथा गरीब, मजदूर और युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा।

# तीन जिलों के जनप्रतिनिधियों की संजय सेतु मुद्दे पर चुप्पी सवालों के घेरे में

जरवल रोड (बहराइच)

**अमृत विचार।** गोंडा-लखनऊ को जोड़ने वाला संजय सेतु (घाघरा पुल) क्षेत्र के लाखों नागरिकों की जीवनरेखा है। मरम्मत के नाम पर इस पुल को दो माह तक बंद किए जाने की संभावित योजना से आमजन, व्यापारी, छात्र, किसान और मरीजों में भारी चिंता व्याप्त है। इसके बावजूद बहराइच, बलरामपुर और श्रावस्ती जनपदों के जनप्रतिनिधियों की चुप्पी अब जनचर्चा का विषय बन गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि संजय सेतु बंद होने की स्थिति में जिले की अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य और आपात सेवाएं बुरी तरह प्रभावित होंगी। इसके बावजूद संबंधित जनपदों के किसी भी विधायक या सांसद द्वारा अब तक वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर कोई ठोस पहल न किया जाना जनसरोकारों के प्रति उपेक्षा को दर्शाता है।

इसी जन दबाव के बीच एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर मांग की कि संजय सेतु को मरम्मत हेतु बंद करने से पूर्व प्लाटून पुल (पीपे का पुल) या अन्य सुदृढ़ अस्थायी मार्ग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और जनता की सुविधा को सर्वोपरि रखने का आश्वासन दिया।

वहीं प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि विकास कार्य आवश्यक हैं, लेकिन बिना वैकल्पिक व्यवस्था के पुल बंद करना आमजन के साथ अन्याय होगा। इस अवसर पर कटरा बाजार विधायक बवन सिंह, तरबगंज विधायक प्रेम नारायण पांडेय, गौरा विधायक पटेल प्रभात वर्मा, करनैलगंज विधायक अजय कुमार सिंह तथा मुजेहना विधायक विनय कुमार द्विवेदी उपस्थित रहे।

# राज्यपाल के हाथों सम्मानित होंगे कृषक संजीव कुमार गौड़

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** राज भवन प्रांगण लखनऊ में 06 से 08 फरवरी तक आयोजित होने वाली प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी के दौरान 06 फरवरी 2026 को मा. राज्यपाल आनंदीबेन मफतभाई पटेल बागवानी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश के 10 चयनित कृषकों को सम्मानित करेंगी।



कृषक संजीव कुमार गौड़।

उत्कृष्ट कार्य के लिए चयनित प्रदेश के 10 कृषकों में देवीपाटन से चयनित जनपद बहराइच के कृषक संजीव कुमार गौड़ को भी सम्मानित किया जायेगा। विकास खण्ड चित्तौरा अन्तर्गत ग्राम मझौवा बुजुर्ग निवासी संजीव कुमार गौड़ द्वारा लगभग 30 एकड़ क्षेत्रफल में औद्यानिक फसलों की खेती की जाती है, इसमें इनके द्वारा 25.00 एकड़ क्षेत्रफल में पपीता की खेती की जा रही है।

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशन में आकांक्षी जनपद बहराइच में उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा व लिा उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी द्वारा सब्जी व फल की जहर मुक्त खेती एवं फसल की सुरक्षा के लिए एकीकृत जीवनाशी प्रबन्धन तकनीक (आईपीएम) के प्रयोग के लिए संयुक्त रूप से संचालित किये जा रहे जागरूकता अभियान से प्रभावित होकर उच्च शिक्षित कृषक संजीव कुमार गौड़ द्वारा फसल की सुरक्षा के लिए कीटनाशक के स्थान पर एकीकृत जीवनाशी प्रबन्धन तकनीक (आईपीएम) का प्रयोग करते हुए विषमुक्त उत्पादन किया जा रहा है। श्री गौड़ द्वारा फसल की सुरक्षा के लिए एकीकृत जीवनाशी प्रबन्धन तकनीक अन्तर्गत स्टीकी ट्रैप, सोलर लाइट ट्रैप एवं ल्योर का प्रयोग किया जा रहा है।

# कॉलेज में बही काव्य रस की फुहार

पयागपुर (बहराइच)



मंच पर मौजूद कवि व अन्य लोग। अमृत विचार

**आयोजन**

**अमृत विचार।** राम नगर खजुरी स्थित राम नारायण सिंह इण्टर कॉलेज के प्रांगण में गुरुवार को 'विराट कवि सम्मेलन' का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। वार्षिक उत्सव के दूसरे दिन आयोजित इस कार्यक्रम में कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को कभी राष्ट्रभक्ति के जोश से भर दिया, तो कभी ठहाकों से गुदगुदाया कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

रायबरेली से आए नीरज पाण्डेय ने अपने कुशल संचालन से कार्यक्रम में जीवंतता बनाए रखी लखनऊ के योगेश चौहान और मैनपुरी के मनोज चौहान ने अपनी ओजस्वी कविताओं से उपस्थित जनसमूह में देशभक्ति का संचार किया फतेहपुर के समीर शुक्ला, गोण्डा के रविन्द्र पाण्डेय और प्रयागराज के धनंजय शाश्वत की व्यंग्यपूर्ण कविताओं और चुटकुलों पर दर्शक अपनी हंसी नहीं रोक पाए। श्रृंगार की कवयित्री नीता नवल ने अपनी कविता बिना राधा की सुरत के अधूरा बंशी वाला है ,जानकी बिन नही पूरा जग का रख वाला है को सुनाकर खूब वाही बटोरी तो वही रिचा रोली बलरामपुरने एक चुटकी सिंदूर मिले तो खुशियों को बहार मिले,त्याग दू संसार जो तुम्हारा प्यार मिले मधुर श्रृंगारिक प्रस्तुतियों देकरश्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक प्रदीप सिंह और साहित्य परिषद के अध्यक्ष राजेश कुमार चौबे ने आए हुए अतिथि कवियों को स्मृति चिह्न और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया प्रधानाचार्य गिरजा शंकर पाण्डेय ने आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों में साहित्य के प्रति रुचि जागृत होती है और उन्हें अपनी संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलता है।

इस अवसर पर केवईकॉलेज प्रिंसिपल प्रकाश पटेल सहित विद्यालय की प्रबंध समिति, शिक्षक गण और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### कारागार में बंदी की अचानक बिगड़ी तबीयत, मौत

**बहराइच।** जिला कारगार में हत्या के मामले में निरुद्ध एक बंदी की गुरुवार को अचानक तबियत खराब हो गई। जेल में तैनात चिकित्सक की ओर से प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए जिला अस्पताल में भेजा गया, जहां पर उनकी मौत हो गई शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जरवल थाना क्षेत्र का रहने वाला अयूब उर्फ मैकु उम्र 70 वर्ष 1996 में इलाके में हुई हत्या के मामले आरोपी था। न्यायालय में दोष सिद्ध होने के बाद वो जिला कारगार में निरुद्ध था। गुरुवार को अचानक चक्कर आने के बाद वो बेहोश हो गया , कारागार के अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल भेजा गया इस दौरान उसकी मौत हो गई।

### सीएचसी में हुआ स्वास्थ्य मेले का आयोजन

**सिरसिया (श्रावस्ती), अमृत विचार।** परिवार नियोजन सेवाओं की पहुंच तथा गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न संस्थाओं की ओर से स्टाल लगाए गए। जिसके माध्यम से परिवार नियोजन सेवाओं की उपलब्धता व कार्यक्रम के बारें में जानकारी दी गई।




आयोजित स्वास्थ कैंप में मौजूद लोग।

स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में मोबियस फाउंडेशन की वित्तीय सहायता से पॉपुलेशन फाउंडेशन आफ इंडिया की ओर से उम्मीद परियोजना का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में सभी विभागों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरसिया में गुरुवार को स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया। जिसका शुभारम्भ सिरसिया ब्लॉक प्रमुख अमित सिंह ने फीता काटकर किया। मेले में पंचायती राज विभाग एव आईसीडीएस विभाग की ओर से स्टाल लगाकर सेवाएं प्रदान की गई। स्वास्थ मेले में पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इण्डिया की सुरीतेश डागर ने सरसिया ब्लॉक में चलाई जा रही उम्मीद परियोजना व कार्यक्रम की प्रगति को साझा किया। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. विनय श्रीवास्तव ने कहा कि सभी विभागों के साझा प्रयास से दी जा रही सेवाओं का लाभ समुदाय में सही से पहुंचे इसके लिए इस स्वास्थ्य मेले की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। ब्लाक प्रमुख ने परिवार नियोजन अपनाने वाले पुरुष लाभार्थियों को शॉल देकर उनका उत्साहवर्धन किया। वहीं सीएचसी अधीक्षक डा. प्रवीण कुमार ने कहा कि परिवार नियोजन कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी विभागों का समन्वय आवश्यक है। निश्चय ही इस प्रयास से ब्लाक में कार्यक्रम के प्रगति में तेजी आएगी। इस मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबन्धक राकेश गुप्ता, एआरओ सुरेश यादव, आनंद कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### नानपारा में अवैध कब्जों के विरूद्ध हुई कार्रवाई

**बहराइच, अमृत विचार।** नानपारा तहसील क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रामनगर गुलरिया, हरिहरपुर पुरैना व जलालपुर स्थित भूमि जोकि राजस्व अभिलेखों में नवीन परती के नाम दर्ज है तथा अन्य भूमि पर ग्राम के ही कुल 06 व्यक्तियों के द्वारा लंबे समय से सरकारी भूमि पर अस्थाई टीन शेड व झोपड़ी डालकर किये गये अवैध कब्ज़े को उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के निर्देश पर ढहा दिया गया। यह कार्रवाई नायब तहसीलदार नबाबगंज अक्षय पांडेय, राजस्व निरीक्षक मिश्रीलाल पाल व क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा एसएसबी व पुलिस की मदद से की गई। अवैध कब्जों पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही से अवैध कब्ज़ेदारों के हौसले पस्त होते दिखायी दे रहे हैं। तहसील प्रशासन की सख्त कार्रवाई से यह स्पष्ट संदेश क्षेत्र में गया है कि सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### कलशयात्रा के साथ रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ

**विशेश्वरगंज/बहराइच।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर अमरती स्थित शिव मंदिर परिसर में ग्यारह दिवसीय श्रीराम कथा एवं शिव रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ हो गया। इसी क्रम में बृहस्पतिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा विधानसभा संयोजक निशंक त्रिपाठी के नेतृत्व में गाजे-बाजे के साथ निकली। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर पूरे विधि-विधान के साथ सहभागिता निभाई। यात्रा के दौरान "हर-हर महादेव" और "जय श्रीराम" के जयकारों से क्षेत्र भक्तिमय हो गया। यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार शुक्ल, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष आनंद पाण्डे, मंदिर समिति के अध्यक्ष ओंकारनाथ पाण्डे, प्रबंधक अनूप कुमार पाण्डे, कोषाध्यक्ष रामानंद पाण्डे, संचित शुक्ल, अंकित शुक्ल, पप्पू यादव सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनज़र यात्रा मार्ग पर पुलिस बल तैनात रहा। आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में संस्कार, आस्था और एकता का संदेश देते हैं। उन्होंने मंदिर समिति और आयोजकों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। आयोजकों के अनुसार महायज्ञ एवं श्रीराम कथा के दौरान प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान, प्रवचन और आरती का आयोजन किया जाएगा।

### बजट पर पीएम से सीधे संवाद कर सकेंगे युवा

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** जिले के युवा केंद्रीय बजट 2026-27 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सीधे संवाद कर सकते हैं। केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की पहल के तहत माय भारत पोर्टल पर माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 प्रतियोगिता की शुरुआत की गई है। यह जानकारी देते हुए जिला युवा अधिकारी माय भारत नवनीत कुमार ने बताया कि ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का पहला चरण तीन फरवरी से शुरू हो गया है। जिसमें युवाओं को बजट से संबंधित 30 सवालों के जवाब देने होंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 17 फरवरी 2026 है। प्रत्येक राज्य से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। 17 फरवरी से तीन मार्च तक चलने वाले दूसरे चरण में, चयनित युवाओं को केंद्रीय बजट से संबंधित आठ विषयों पर निबंध लिखना होगा। निबंधों का मूल्यांकन तीन मार्च से 10 मार्च तक किया जाएगा और 10 मार्च को राज्यवार योग्यता सूची घोषित की जाएगी। राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के विजेताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ विकसित भारत बजट के विजन पर बातचीत करने का मौका मिलेगा।

# स्वास्थ्य कार्यक्रमों के सुचारू रूप से संचालन को लेकर दिए गए निर्देश

पयागपुर (बहराइच)

**अमृत विचार।** विकास खण्ड पयागपुर सभागार में गुरुवार को आगामी 16 से 27 फरवरी तक आयोजित होने वाले स्वास्थ्य कार्यक्रम स्कूल बेस्ड मिजिल्स रुबेला टीकाकरण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में खंड विकास अधिकारी ने आयोजन के सुचारू रूप से संचालित होने को लेकर दिशा-निर्देश दिए।



समीक्षा बैठक करते खंड विकास अधिकारी अजय प्रताप सिंह व मौजूद अन्य।

**समीक्षा बैठक**

बैठक में खंड विकास अधिकारी पयागपुर अजय प्रताप सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 10 फरवरी, माप अप दिवस 13 फरवरी, स्पर्श कुष्ठ उन्मूलन जागरूकता अभियान, 100 दिवसीय क्षय रोगी खोजी अभियान के आयोजन को लेकर तैयारी पूरी कर लें। आयोजन में सभी विभाग अपने योजनाओं के स्टाल लगा कर सेवा प्रदान करेंगे। बैठक में खंड विकास अधिकारी ने टीकाकरण एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य से संबंधित समीक्षा की। उन्होंने नियमित टीकाकरण के सुदृढ़ीकरण,सर्वे एवं ड्यू-लिस्ट के अद्यतन,उच्च जोखिम गर्भावस्था तथा मातृ-शिशु पोषण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए स्कूलों में संचालित होने वाले अभियान को सफल बनाने हेतु आपस में बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर के अधीक्षक डॉ. धीरेन्द्र तिवारी के निर्देशन में बैठक के दौरान आयुष्मान गोल्डन कार्ड निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में खंड विकास अधिकारी द्वारा सभी पंचायत सहायकों को प्राथमिकता के आधार पर आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए जाने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए ग्राम स्तर पर अभियानों का शुभारंभ ग्राम प्रधान या बीडीसी सदस्यों को अवश्य आमंत्रित करें। बैठक में एडीओ पंचायत तेजनारायण राव,ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक अनुपम शुक्ल, डब्लूएचओ फील्ड मॉनिटर अविनाश अवस्थी, नोडल शिक्षक प्रदीप पाण्डेय, सपना मौर्य, मनीष द्विवेदी आदि रहे।

# केंद्रीय विद्यालय में एसएसबी ने किया शस्त्र प्रदर्शन



शस्त्रों के बारे में जानकारी लेते केंद्रीय विद्यालय के छात्र। अमृत विचार

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** सशस्त्र सीमा बल 62 वीं वाहिनी भिनगा की ओर से गुरुवार को केन्द्रीय विद्यालय में शस्त्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कमांडेंट अमरेन्द्र कुमार वरुण के दिशा-निर्देशन में आयोजित प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को शस्त्र के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों को सशस्त्र सीमा बल में उपलब्ध विभिन्न हथियारों की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उनकी उपयोगिता, कार्यप्रणाली एवं सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में बताया गया। इस दौरान बच्चों ने विशेष रुचि दिखाते हुए कई सवाल पूछे, जिनका जवानों ने व्यवहारिक तरीके से उत्तर भी दिया। कार्यक्रम के दौरान उप कमांडेंट सोनू कुमार ने बच्चों को भारतीय सेना, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल एवं पुलिस बल में उपलब्ध विभिन्न पदों, उनके दायित्वों तथा भर्ती प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर सहायक प्रधानाचार्य श्याम लाल, शिक्षक व एसएसबी के अधिकारी व जवान मौजूद रहे।

**बदहाली** | मसूदपुर चौराहे से स्टेशन मार्ग पर जल जीवन मिशन की खोदाई और प्रशासन की बेरुखी से राहगीर पस्त

# बाबूजी धीरे चलना, बड़े रोड़ें हैं इस राह में....

संवाददाता, पयागपुर (बहराइच)

**अमृत विचार।** वर्ष 1954 में आई फिल्म 'आर-पार' का मशहूर गाना 'बाबूजी धीरे चलना, बड़े रोड़े हैं इस राह में...' आज पयागपुर के मसूदपुर चौराहे से रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर अक्षरशः सटीक बैठ रहा है। विकास के दावों के बीच महज 150 मीटर का यह सफर आम जनता के लिए किसी दुःस्वप्न से कम नहीं है। सड़क पर बिछी नुकीली गिट्टियां और ईंट के रोड़े राहगीरों के हाथ-पांव फुला रहे हैं।

परेशान स्थानीय लोगों का कहना है कि जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन डालने के लिए सड़क को दोनों किनारों से बुरी तरह खोदा गया था। कार्य पूरा होने के बाद इसे इसके हाल पर छोड़ दिया गया। रही-सही कसर पिछले वर्ष नगर पंचायत द्वारा डलवाई गई मोटी गिट्टियों और ईंट के टुकड़ों ने पूरी कर दी। आज यह मार्ग 'गड्ढा मुक्त' अभियान को मुंह चिढ़ा रहा है हैरानी की बात यह है कि इसी जर्जर मार्ग पर ब्लॉक मुख्यालय, डाकघर, पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस, पशु चिकित्सालय, बाल विकास परियोजना कार्यालय, राजकीय विद्यालय और रेलवे स्टेशन जैसे महत्वपूर्ण संस्थान स्थित हैं। इन कार्यालयों में आने वाले फरियादी और प्रतिदिन ट्रेन पकड़ने वाले यात्री इसी नारकीय रास्ते से गुजरने को मजबूर हैं सोचने वाली बात तो ये है कि बरसात के बाद प्रदेश भर की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का दावा किया गया था, लेकिन पयागपुर के इस मुख्य मार्ग का किसी ने हाल तक नही लिया क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे के बाद जागेगा?

वहीं इस संबंध में स्थनीय विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी का कहना है कि इस मार्ग का टेंडर हो गया है। जल्द ही पीडब्ल्यूडी और विधायक निधि के संयुक्त मदद से इस रोड का कायाकल्प किया जाएगा।

**क्या कहते हैं स्थानीय लोग**

सड़क पर पड़े ईंट के टुकड़े जानलेवा साबित हो रहे हैं। मूर्ति विसर्जन हो या आम दिन, राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। स्कूली बच्चों के लिए यह रास्ता सबसे खतरनाक है। **-मोहित त्रिपाठी।**



मोहित त्रिपाठी।

गंदगी के कारण लोग इधर से आने में कतराते हैं। फाल्गुन में श्याम बाबा की यात्रा निकलने वाली है, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे। यदि सड़क न बनी तो दुर्घटना हो सकती है। **-दानेंद्र शर्मा।**



दानेंद्र शर्मा।



कमरुद्दीन खां।

क्षेत्र की यह सबसे अहम सड़क है, लेकिन अब सिर्फ नाम की सड़क बची है। इसे पैचवर्क नहीं, बल्कि बदहाल सड़क पर नए सिरे से निर्माण की दरकार है। **-कमरुद्दीन खां।**



जामवंती शुक्ला।

हैरानी तो इस बात की है कि इसी रास्ते से रोज आला अधिकारी गुजरते हैं, फिर भी उनकी नजर इस बदहाली पर नहीं पड़ती। प्रशासन की गंभीरता शून्य है। - **जामवंती शुक्ला।**

### पुलिस ने गिरफ्तार किए 18 वारंटी

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** एसपी राहुल भाटी के निर्देशन में पुलिस की ओर से वारंटियों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न थानों की पुलिस ने 18 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार वारंटियों में मारपीट, चोरी, आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम, वन अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट आदि अपराधों के वारंटी शामिल रहे। इसमें भिनगा कोतवाली पुलिस ने तीन, सिरसिया पुलिस ने चार, थाना मल्हीपुर पुलिस ने तीन, गिरंट पुलिस ने एक, इकौना पुलिस ने एक व गिलौला पुलिस ने छह वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

